
## जबलपुर में आज का मौसम

आज सुबह का तापमान



22.2 डिसे

दोपहर 12 बजे तक

26.0 डिसे

आज भी चलेगी आंधी बरसेगा पानी

नये जमाने के साथ..

# यश भारत




● वर्ष- 17 अंक 89- ● जबलपुर ● सोमवार, 1 मई, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख शुक्ल पक्ष 12 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935


» न्यूज गैलरी

## मारा गया ISIS प्रमुख अबू हुसैन अल-कुरैशी

■ अंकारा, एजेंसी।

तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने इस्लामिक स्टेट आतंकवादी संगठन के प्रमुख को लेकर बड़ा ऐलान कर दिया है. एर्दोगन ने रविवार को घोषणा कि ISIS के प्रमुख अबू हुसैन अल-कुरैशी को सीरिया में मार गिराया गया है. एर्दोगन ने कहा कि उनका उनका राष्ट्रीय खुफिया संगठन दाएश / ISIS के तथाकथित नेता को फॉलो कर रहा था. जिसका एक कोड नाम अबू हुसैन अल-कुरैशी है। न्यूज एजेंसीके अनुसार उन्होंने आगे कहा 'यह पहली बार है जब मैं यहां यह कह रहा हूं. इस व्यक्ति को कल एमआईटी द्वारा चलाए गए एक ऑपरेशन में मार दिया गया था.' उन्होंने आगे कहा कि तुर्की बिना किसी भेदभाव के आतंकवादी संगठनों के खिलाफ अपना संघर्ष जारी रखेगा।

## कीचड़ में फंसी बिहार की इज्जत

■ भोजपुर, एजेंसी।

बिहार के राज्यपाल भोजपुर जिला में यज्ञ का उद्घाटन करने पहुंचे लेकिन बारिश होने की वजह से उनकी गाड़ी कीचड़ में फंसी गई। स्थिति ऐसी हो गई कि डीएम से ले कर एसपी तक के हाथ-पांव फुलने लगे। फिर किसी तरह पुलिस जिप्सी में उन्हें बैठाकर कीचड़ से पार करना पड़ा। तब जाकर सभी अधिकारियों की जान में जान आई।बिहार के आरा में लभुआणि गांव में विशाल यज्ञ का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि के रूप में बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विजय अर्लेरकर लभुआनी गांव में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के मौके पर आयोजित विशाल संत समागम में शामिल होने पहुंचे थे।

## PAK के खुफिया दस्तावेज लीक

■ इस्लामाबाद, एजेंसी।

कुछ दिनों पहले अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के कई गोपनीय दस्तावेज सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। वहीं अब इन लीक दस्तावेजों में पाकिस्तान के एक मंत्री का नाम भी जुड़ गया है। जानकारी के अनुसार, पाकिस्तान की विदेश राज्य मंत्री हिना रब्बानी खार ने दो नाव में पैर रखकर चलने के लिए अपने देश को आगाह किया था। उन्होंने कहा था कि उनका देश चीन और अमेरिका के बीच मिडल ग्राउंड नहीं बना रह सकता। अगर पाकिस्तान अमेरिका की तरफ झुकता है तो उसे चीन से मिलने वाले बड़े फायदे को त्यागना होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च में एक इंटरनल मेमो में हिना रब्बानी खार ने यह बातें कहीं। इस मेमो का टाइटल पाकिस्तान के मुश्किल विकल्प था। मेमो में उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को पश्चिम को खुश करने से बचना चाहिए। अगर पाकिस्तान अमेरिका के साथ साझेदारी बनाए रखता है तो उसे चीन के साथ उसके वास्तविक रणनीतिक साझेदारी को त्यागना होगा। पाकिस्तान अब और मिडल ग्राउंड नहीं बन सकता।

### रक्षा बलों, खुफिया व जांच एजेंसी की सिफारिश

# कश्मीर में आतंकियों का बड़ा सहारा बन रहे थे 14 मैसेंजर एप्स, सरकार ने किया ब्लॉक

■ नई दिल्ली, एजेंसी।



केंद्र सरकार ने रक्षा बलों, खुफिया और जांच एजेंसियों की सिफारिश पर बड़ा कदम उठाते हुए जम्मू-कश्मीर में आतंकी समूहों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे 14 मैसेंजर मोबाइल एप्लिकेशन को ब्लॉक कर दिया. सूत्रों ने कहा कि इन ऐप्स में क्रिपवाइजर, एनिग्मा, सेफस्विस, विकरमे, मीडियाफायर, ब्रायर, बीचैट, नैंडबॉक्स, कॉनियन, आईएमओ, एलिमेंट, सेकेंड लाइन, जांगी, थ्रीमा आदि शामिल हैं। शीर्ष सूत्रों के मुताबिक, कई एजेंसियों ने पाया कि इन ऐप्स का इस्तेमाल कश्मीर घाटी में आतंकवादी अपने समर्थकों और ऑन-ग्राउंड वर्कर्स के साथ संवाद करने के लिए कर रहे थे. सरकार ने पाया कि इन ऐप्स के भारत में प्रतिनिधि नहीं थे और भारतीय कानूनों के अनुसार जानकारी मांगने के लिए उनसे संपर्क नहीं किया जा सकता था. एजेंसियों ने कई मौकों पर ऐप मैनेजमेंट से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन भारत में संपर्क करने के लिए कोई कार्यालय नहीं था। सूत्रों ने आगे कहा, रिपोर्ट के मुताबिक, इनमें से अधिकतर ऐप्स को यूजर्स को गुमनामी प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया था और इनके फीचर्स की वजह से एजेंसियों को इन यूजर्स तक पहुंचने में मुश्किल हो रहा था. उन्होंने कहा कि विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से गृह मंत्रालय ने पाया कि ये मोबाइल ऐप्स आतंकवादियों और उनके सहयोगियों की मदद करते हैं.युवाओं को भड़काने के लिए इन मैसेजिंग ऐप्स का इस्तेमाल

एक वरिष्ठ खुफिया अधिकारी ने एक चैनल को बताया कि ये ऐप जम्मू-कश्मीर में आतंकी दुष्प्रचार और युवाओं को भड़काते पाए गए हैं. अधिकारी ने कहा कि इन ऐप्स को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 69ए के तहत ब्लॉक किया गया है. बता दें कि पिछले कुछ वर्षों से सरकार जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के संचार नेटवर्क में सेंध लगाने की कोशिश कर रही है. जिन ऐप्स को ब्लॉक किया गया है, उनके सर्वर अलग-अलग देशों में हैं, जिससे उन्हें ट्रेस करना मुश्किल हो जाता है. साथ ही भारी एन्क्रिप्शन के कारण इन ऐप्स को इंटरसेप्ट करने का कोई तरीका भी नहीं है. आतंकवाद से संबंधित मामलों की जांच में शामिल एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि कई मौकों पर सुरक्षा बलों और जांच एजेंसियों ने ऑपरेशन में मारे गए आतंकवादियों से बरामद मोबाइल फोन पर डाउनलोड किए गए इन ऐप को पाया है. साथ ही, गिरफ्तार किए गए कई ओजीडब्ल्यू के फोन में इनमें से कम से कम एक ऐप था. वहीं जांच के दौरान भी यह पता चला कि इन ऐप्स का इस्तेमाल पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठनों के एजेंडे को बढ़ाने के लिए किया गया था।



## 11 राज्यों में 4 दिन ओले- बारिश का अलर्ट

■ नई दिल्ली, भोपाल, जयपुर एजेंसी।

देश के कई राज्यों में इन दिनों सावन वाली फीलिंग हो रही है। क्योंकि राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में मूसलाधार बारिश का दौर बना हुआ है। मौसम विभाग का कहना है कि तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र, उत्तर पश्चिम में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में मौसम 3 मई तक ऐसा ही रहेगा, उसके बाद 4 मई से बदलाव की संभावना है। पिछले 24 घंटों में इन राज्यों के कई इलाकों में ठंड महसूस की गई। एमपी के भोपाल में रविवार को न्यूनतम तापमान दोपहर 2.30 बजे 18.6 डिग्री तक चला गया। राजस्थान में भी ठिठुरन महसूस की गई। 9 शहरों का तापमान 30 डिग्री से नीचे रहा। राज्य के जयपुर, सीकर, नागौर, अलवर, बारां, बीकानेर समेत ज्यादातर इलाकों में बारिश और ओले गिरे। दिल्ली, पंजाब, बिहार, यूपी में भी तापमान में 3 से 5 डिग्री तक गिरावट देखी गई।

### महाराष्ट्र में पुलिस को बड़ी कामयाबी

## 38 लाख के इनामी 3 नक्सली कमांडर ढेर, दलम कमांडर भी शामिल

■ गढ़चिरौली, एजेंसी।



महाराष्ट्र पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए मुठभेड़ में तीन बड़े नक्सिलयों को मार गिराया है। गढ़चिरौली जिले के केदमारा जंगल में रविवार को पुलिस के साथ मुठभेड़ में दलम कमांडर समेत तीन नक्सली मारे गए। मारे गए नक्सलियों पर 38 लाख रुपए का इनाम था। गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक (एसपी) नीलोत्पल ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि माने राजाराम और पेरिमिली सशस्त्र चौकी के बीच वन क्षेत्र में नक्सलियों के पेरिमिली और अहेरी दलम के सदस्य डेरा डाले हुए हैं। सूचना के बाद प्रहिता से पुलिस की सी-60 फोर्स की दो यूनिट को जंगल क्षेत्र में तलाशी अभियान के लिए भेजा गया था।तलाशी अभियान के दौरान नक्सलियों ने पुलिस पर गोलियां चलाईं, जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ के बाद मौके से तीन नक्सलियों के शव, हथियार और अन्य सामग्री बरामद हुई है। प्राथमिक जांच के अनुसार मृतकों में से एक की पहचान पेरिमिली दलम के कमांडर बिटलू मदावी के रूप में हुई है, जबकि दो अन्य की पहचान पेरिमिली दलम के वासु और अहेरी दलम के श्रीकांत के रूप में हुई है। छात्र साईनाथ नरोटे की हत्या के साथ-साथ आगजनी की दो घटनाओं में मदावी मुख्य आरोपित था।



## सात नए जजों को चीफ जस्टिस ने दिलाई शपथ

■ जबलपुर, यशभारत।

### मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में जजों की संख्या हुई 37

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रवि मलिमठ के द्वारा आज नवनियुक्त 7 नए जजों को हाईकोर्ट के साउथ ब्लॉक सभागार में शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में हाईकोर्ट के जस्टिस भी शामिल रहे। शपथ लेने वाले 7 नए जजों में रुपेश चंद्र वाश्नेय, अनुराधा शुक्ला, संजीव सुधाकर कलगावंकर, प्रेम नारायण सिंह, अचल कुमार पालीवाल, हृदेश व अवनीन्द्र कुमार सिंह के नाम शामिल हैं। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में जजों के स्वीकृत पदों की संख्या 53 है, जिसमें से वर्तमान में चीफ जस्टिस को मिलाकर 30 जज कार्यरत हैं। अब यह संख्या बढ़कर 37 हो गई है।

### तलाक को लेकर 5 जजों की पीठ का बड़ा फैसला

## सुको को शादी रद्द करने का अधिकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तलाक को लेकर सुप्रीम कोर्ट का एक बड़ा फैसला सामने आया है. सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने कहा कि जहां रिश्तों में सुधार की गुंजाइश न बची हो, ऐसे मामलों में तलाक को मंजूरी दे सकता है. सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने अपने फैसले में कहा है कि संविधान के आर्टिकल 142 के तहत अपनी विशेष शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए सुप्रीम कोर्ट ऐसी मंजूरी दे सकती है. विवाह के निश्चित तौर पर टूट चुके मामलों में कपल को जरूरी वेटिंग पीरियड का इंतजार करने की जरूरत नहीं है. मौजूदा विवाह कानूनों के मुताबिक पति-पत्नी की सहमति के बावजूद पहले फैमिली कोर्ट्स एक समय सीमा तक दोनों पक्षों को पुनर्विचार करने का समय देते हैं।


यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें

मो. 9407348995, 7999718732


## अब तेजस्वी मुश्किल में

### गुजरातियों को ठग कहने के मामले में बिहार के डिप्टी CM के खिलाफ आज होगी सुनवाई




**अहमदाबाद, ईएमएस।** मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बाद अब बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी एक विवादित बयान में घिरते नजर आ रहे हैं। गुजरातियों को ठग कहने के मामले में अहमदाबाद मेट्रो कोर्ट में उनके खिलाफ एक याचिका दाखिल की गई है, जिसकी आज सुनवाई होनी है। अपर मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट डीजे परमार की अदालत में सामाजिक कार्यकर्ता और कारोबारी हरेश मेहता ने तेजस्वी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।तेजस्वी यादव ने पिछले महीने नीरव मोदी को लेकर आई एक खबर पर प्रतिक्रिया देते हुए गुजरातियों पर ही विवादित टिप्पणी कर दी थी। उन्होंने कहा था- च्आज देश के हालात में सिर्फ गुजराती ठग हो सकते हैं। उनके ठग को माफ भी कर दिया जाएगा। एलआईएसी, बैंक का पैसा दे दो फिर वह भाग जाएगा तो कौन जिम्मेदार होगा।

# आज से 6 बड़े बदलाव -कॉमर्शियल सिलेंडर 171.50 रु. सस्ता

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

1 मई से आपकी रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ी कई चीजें बदल गई हैं। आज से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 171.50 रुपए सस्ता हो गया है। स्पैम कॉल से भी छुटकारा मिलने जा रहा है। वहीं पंजाब नेशनल बैंक ने ATM ट्रांजैक्शन के नियमों में बदलाव किया है। इसके अलावा टाटा की कारें अब महंगी मिलेंगी। हम आपको 1 मई से हुए 6 बड़े बदलावों के बारे में बता रहे हैं।

दिल्ली में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 2028 रुपए की जगह 1856.50 रुपए में मिल रहा है। कोलकाता में दाम 2132 रुपए से घटकर 1960.50 रुपए हो गए हैं। मुंबई में ये 1980 रुपए की जगह 1808.50 रुपए में मिल रहा है। चेन्नई में सिलेंडर 2021.50 रुपए में मिल रहा है। वहीं घरेलू गैस सिलेंडर (14.2 किलोग्राम वाला) के दाम 1103 रुपए पर बने हुए हैं। मार्च के महीने में आखिरी बार घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में बदलाव देखने को मिला था। तब पेट्रोलियम कंपनियों ने घरेलू LPG के दाम में 50 रुपए का इजाफा किया था। देश की तीनों प्रमुख नेटवर्क सर्विस प्रोवाइडर कंपनियों जियो, एयरटेल और



### स्पैम कॉल औरU SMS बंद, ATM ट्रांजैक्शन फेल होने पर चार्ज

वोडाफोन-आइडिया ने स्पैम कॉल रोकने के लिए अपने सिस्टम में फिल्टर लगा लिए हैं। कंपनियों का दावा है कि AI की मदद से स्पैम मैसेज और कॉल्स नेटवर्क पर ही ब्लॉक हो जाएंगे।सरल शब्दों में कहें तो अब तक हमें कॉल आने के बाद पता चलता था कि यह स्पैम कॉल है। फिर हम उसे ब्लॉक करते थे। अब वह नेटवर्क पर पहले ही ब्लॉक हो जाएंगे और कॉल हम तक नहीं पहुंचेंगे। टेलिकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ने कंपनियों को 30 अप्रैल की डेडलाइन दी थी।

### टाटा की गाड़ियां खरीदना महंगा

टाटा मोटर्स ने अपने पैसेंजर व्हीकल्स की कीमतों इजाफा किया है। कंपनी ने अपनी सभी गाड़ियों की कीमतों में औसतन 0.6त्न की बढ़ोतरी की है। 2023 में यह दूसरी बार है जब टाटा ने कीमतें बढ़ाई हैं। इससे पहले बढ़ती इनपुट लागत के कारण जनवरी में कीमत 1.2प्रतिशत बढ़ा दी थी। PNक्चयानी पंजाब नेशनल बैंक ने ATM से ट्रांजैक्शन से जुड़े नियमों में बदलाव किया है।

### म्यूचुअल फंड में निवेश के लिए KYC जरूरी

सेबी ने म्यूचुअल फंड कंपनियों से कहा कि वो ये सुनिश्चित करें कि निवेशक, उसी ई-वॉलेट का इस्तेमाल म्यूचुअल फंड में निवेश के लिए करें, जिसका KYC पूरा हो। यानी अब निवेशक KYC वाले ई-वॉलेट से ही निवेश कर सकते हैं। चङ्घष्ट के लिए आपको अपना पैन नंबर, मोबाइल नंबर और बैंक की डिटेल्स देनी होती हैं। डिटेल्स के साथ KYC के लिए एक फॉर्म भरना

### SBI क्रेडिट कार्ड्स के नियमों में बदलाव

होता है।SBI क्रेडिट कार्ड पर अब सभी कैटेगरी को मिलाकर एक महीने/बिलिंग साइकिल में अधिकतम 5000 रुपए कैशबैक मिलेगा। पहले शॉपिंग कैटेगरी में अधिकतम 10 हजार कैशबैक मिलता था। इसके अलावा कॉम्प्लिमेंट्री एयरपोर्ट लाउंज एक्सेस की सुविधा अब नहीं मिलेगी। पहले कार्ड होल्डर को हर साल डोमेस्टिक एयरपोर्ट के लाउंज में 4 बार फ्री एक्सेस दिया जाता था।

### विश्व मजदूर दिवस 2023

# एक दिन में 8 घंटे से ज्यादा काम नहीं, मजदूरों को ऐसे मिला था ये अधिकार

**नई दिल्ली, ईएमएस।**

**दुनिया के करीब 80 से ज्यादा देशों में हर साल 1 मई को विश्व मजदूर दिवस मनाया जाता है। आज विश्व मजदूर दिवस पर हम आपको इससे संबंधित कुछ जरूरी व रोचक जानकारी बता रहे हैं। सबसे पहले दुनियाभर में आखिर कैसे हुई थी विश्व मजदूर दिवस मनाने की शुरुआत -**

ऐतिहासिक तौर पर विश्व में सबसे पहले मजदूर दिवस मनाने की शुरुआत 1 मई 1886 को हुई थी, यदि भारत की बात की जाए तो इसकी शुरुआत साल 1923 में शुरू हुई थी। भारत में मजदूर दिवस मनाने के लिए जब मजदूर यूनियन से हड़ताल शुरू की थी तो उनकी सबसे अहम मांग थी कि एक दिन में 8 घंटे से ज्यादा काम न लिया जाए। दुनिया के अधिकांश देशों में मजदूर संगठन इसके लिए मांग कर रहे थे।

1 मई 1886 को अमेरिका के सबसे बड़े औद्योगिक केंद्र में मजदूरों की एक आम हड़ताल हुई। यह हड़ताल 8 घंटे के कार्य दिवस की मांग को लेकर थी। यह हड़ताल अमेरिका के शिकागो शहर में व्यापक रूप से फैल गई। उद्योग कारखाना मालिकों ने सरकार के पदाधिकारियों से कार्रवाई करने के लिए कहा। सरकार और उद्योगपति साथ




मिल गए, जिससे मजदूरों में असंतोष छा गया। तभी शिकागो के हेमार्कित स्क्वेयर में हो रही रैली में बम विस्फोट कराया गया। यहां पुलिस की गोलीबारी में 7 मजदूरों की मौत हो गई थी। इससे मजदूर आंदोलन और अधिक उग्र हो गया था। फिर साल 1889 में पेरिस में अंतरराष्ट्रीय महासभा की दूसरी बैठक में फ्रेंच क्रांति को याद करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया। इस प्रस्ताव के तहत इसे अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में मनाए जाने का प्रस्ताव रखा गया।

### अमेरिका में उत्सव की तरह मनाया जाता है मजदूर दिवस

अमेरिका में मजदूर दिवस हर साल उत्सव के रूप में मनाया जाता है। अमेरिका में पहली बार 5 सितंबर 1882 को मजदूर दिवस मनाया गया था। वहीं ऑस्ट्रेलिया की टेरिटरी वाले न्यू साउथ वेल्स और साउथ ऑस्ट्रेलिया में मजदूर दिवस अक्टूबर के पहले सोमवार को मनाया जाता है। हालांकि विश्व मजदूर दिवस मनाए जाने का प्रस्ताव सबसे पहले किसने रखा था इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। कुछ इतिहासकारों का मानना है कि अमेरिकन फेडरेशन ऑफ लेबर के फाउंडर पीटर जे मैकगुरी ने सबसे पहले इस बारे में विचार दिया था, वहीं कुछ इतिहासकारों का मानना है कि मैथ्यू मैगुरी नाक में मजदूर नेता ने इसकी शुरुआत की थी।

## पीडब्ल्यूडी का प्रिंसिपल सेक्रेटरी बनकर ठेकेदार से ठगे 20 लाख रुपये

■ ग्वालियर, एजेंसी।




पीडब्ल्यूडी के प्रिंसिपल सेकेट्री के नाम से एक ठेकेदार से ठग ने 20 लाख रुपये ठग लिए। ठग ने खुद को प्रिंसिपल सेकेट्री बताया और कहा कि चाचा के बेटे का एक्सीडेंट हो गया है, इसलिए इलाज के लिए रुपये की जरूरत है। पहले 10 लाख रुपये खाते में डलवाए, इसके कुछ ही देर बाद दोबारा 10 लाख रुपये डलवा लिए।शाम तक रुपये लौटाने की बात कहकर ठेकेदार को फंसाया था। जब रात तक रुपये नहीं आए तो ठेकेदार ने उसी नंबर पर काल की, जिससे फोन आया था। वह नंबर स्विच्ड आफ आने लगा और उन्हें ठगी का पता लगा। इस मामले में निलंबित कार्यपालन यंत्री का फोन भी ठेकेदार के पास पहुंचा था।मामले की शिकायत क्राइम ब्रांच में की गई। क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने तुरंत खाता फ्रीज कराया, 10 लाख रुपये तो ठेकेदार के खाते में वापस आ गए, लेकिन 10 लाख रुपये ठग ने निकाल लिए। क्राइम ब्रांच ने एफआइआर दर्ज कर ली है।बहोड़ापुर के विनय नगर इलाके में रहने वाले प्रताप सिंह तोमर कंस्ट्रक्शन कंपनी चलाते हैं। वह पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार भी हैं। 21


## तेज आंधी-तूफान के साथ हो रही बारिश से बिजली व्यवस्था लड़खड़ाई

# कटंगी क्षेत्र में पिछले 20 घंटे गुल रही बिजली

**जबलपुर,यशभारत। मई का महीना शुरू होने वाला है लेकिन शहर में हालात इन दिनों बरसात जैसे हो गए हैं। पिछले कई दिनों से शाम से हो रही लगातार बारिश की वजह से अब शहर के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति भी प्रभावित होने लगी है। विदित हो कि बिजली विभाग के अधिकारियों के द्वारा तमाम दावे किए जा चुके थे कि विद्युत आपूर्ति कहीं भी प्रभावित नहीं होगी लेकिन तेज बारिश, तूफान ने इन सभी दावों को फेल कर दिया है।**

तेज बारिश और अंधड़-तूफान का दौर ग्रामीण अंचलों में भी देखा गया जहां ग्रामीणों के घरों में एक-एक दिन बिजली बंद रही। बोरिया बिजली स्टेशन के अंतर्गत आने वाले कटंगी क्षेत्र के बोरिया सबस्टेशन के 52 गांवों में पिछले 20 घंटे से पूरे इलाके में बिजली बंद पड़ी रही। जिससे क्षेत्रीय रहवासियों को खासा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तेज आंधी-तूफान और बारिश के साथ बिजली गोल हो रही है जिसे सुधारने मैदानी स्तर पर पूर्व क्षेत्र बिजली कंपनी का अमला जुटा हुआ है। बिजली गोल होने के कारण शहर के कई उपभोक्ता परेशान होते नजर आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार बीती देर रात तक बिजली विभाग के कॉल सेंटर में 1500 के पार शिकायतें पहुंच चुकीं थीं।

### शहर में कई इलाकों में घंटों बिजली रहीं बंद, शिकायतों का लग रहा अंबार



### अमला कम और काम है ज्यादा...

बीते दो दिनों से शाम गरज-चमक के साथ बारिश के कारण शहर के पांच संभाग की बिजली व्यवस्था ही ठप्प हो गई। चूंकि शिकायतें बहुत अधिक थीं और कंपनी के पास अमला कम है इसलिए लोगों की शिकायतों को निपटाने में विभाग को बहुत समय लग रहा है। कई लोगों के घरों की बिजली तो दो-दो दिनों तक बंद रह रही है।

### इन क्षेत्रों के रहवासी हुए परेशान

जानकारी के अनुसार पूर्व संभाग के सिविल लाइन बहोराबाग, घमापुर, कांचघर, इंद्रा मार्केट, लालमाटी आदि क्षेत्रों में बिजली बंद रही है। पश्चिम क्षेत्र के ओमती, मढ़ाताल, राइट टाउन, नेपियर टाउन, गोल बाजार, करमचंद चौक , सिविक सेंटर आदि क्षेत्रों में अंधेरा छाया रहा। विजय नगर संभाग के रामेश्वरम, उखरी रोड, माढ़ोताल, त्रिमूर्ति नगर, करमेता आदि जगहों पर बिजली बंद होने की शिकायत दर्ज हुई। इसी तरह उत्तर संभाग के अधारताल, कंचनपुर, सुहागी महाराजपुर, रांझी, अमखेरा आदि क्षेत्रों में बिजली बंद रही। दक्षिण संभाग में भी बिलहरी, तिलहरी, भटौली, रामपुर, मेडीकल, धनवंतरीनगर, तेवर, गढ़ा आदि क्षेत्रों में बिजली के बंद रहने की शिकायतें उपभोक्ताओ द्वारा की गई।

### विद्युत अमला कर रहा जद्दोजहद

पिछले दो दिनों से बिजली कॉल सेंटर में लगातार बिजली बंद होने की शिकायतें आ रहीं हैं जिनका आंकड़ा करीब 1500 के पार पहुंच चुका है। इस संबंध में अधीक्षण यंत्री शहर संजय अरोरा ने कहा है कि बिजली आपूर्ति कुछ देर में ही चालू हो गई थी। शिकायतों पर तेजी से काम किया गया है। लेकिन जमीनी स्तर पर शहर के हजारों लोग बारिश के दौरान बंद हुई बिजली से परेशान होते नजर आए। इन शिकायतों के निराकरण के लिए बिजली विभाग का अमला सड़क पर जद्दोजहद करते भी देखा गया है।



# चंदना संभाग की 30 शाखाओं ने ली सामूहिक शपथ

**जबलपुर, यशभारत।** अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महिला परिषद मध्यप्रदेश चंदना संभाग द्वारा 30 शाखाओं का सामूहिक शपथग्रहण , सांस्कृतिक कार्यक्रम,सम्मान समारोह एवं कार्यशाला भव्यता के साथआयोजित की गई । प्रमुख अतिथि हनुमानताल जैन मंदिर के अध्यक्ष राजेन्द्र जैन सन्मा थे। कार्यक्रम की शुरुआत केन्द्रीय नारा सर्व कल्याणन प्रोजेक्ट कर्म का स्वरूप अवसर के अनुरूप प्रांतीय प्रोजेक्ट स्वर्णिम प्रभात, नारा आंसू से मुस्कान की ओर की से हुई। जानकारी संभाग अध्यक्ष सुनीता जैन-मैक्स-ने दी। सामूहिक मंगलाचरण द्वारा कार्यक्रम को मंगलमय बनाया गया। स्वागत नृत्य लार्डगंज शाखा द्वारा किया गया । स्मृति चिन्ह एवं मंत्री बैंड बांधकर सभी शाखाओं से पधारी महिलाओं का सम्मान किया गया। द्वितीय चरण में सभी शाखाओं का सामूहिक शपथग्रहण, शपथग्रहण अधिकारी एवं शंका समाधान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. श्रीमति विमला जैन ने किया । केन्द्रीय कार्याध्यक्ष डॉ. श्रीमति कुसुम जैन ने सभी चेयर शाखाओं की चेयरपर्सन के कार्यों का विवरण बताया। प्रांतीय सलाहकार श्रीमती रानी जैन ने मीटिंग को कैसे मनोरंजक बनाया जाये इसकी जानकारी दी। प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती विजयलक्ष्मी जैन ने शाखा के अध्यक्षों को दायित्व एवं कार्यभार के साथ प्रांतीय सम्मेलन की जानकारी दी। प्रांतीय सचिव निशा चौधरी ने सभी शाखाओं को रिर्पोटिंग एवं स्क्रेप बुक, एलबम बनाने के साथ संभागीय सम्मेलन की जानकारी दी। प्रांतीय कोषाध्यक्ष मीना जैन ने कोष को कैसे मेनटेन किया जाये, बिना कोष के कोई भी काम संभव एवं सफल नहीं होता है, जानकारी दी। संभाग सचिव श्रीमती मंजू जैन ने कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन किया। चंदना संभाग की 30 शाखाएँ जिनमें लार्डगंज, हनुमानताल, मदर टेरेसा, त्रिमूर्तिनगर, बाजनामठ रांझी, बिजौरी, घंसौर छपारा, बरेला, चरगवां, बरगी, इंद्राना, मझौली, शहपुरा. छिंदवाड़ा, पनागर डिंडौरी, धनवंतरीनगर, सहजपुर, बालिका मंडल लार्डगंज, बालिका मंडल पनागर बालिका मंडल इंद्राना बालिका मंडल मझौली, सिहोरा, ग्रीन सिटी, मदन महल, मंडला बगैरह से महिलाएँ कार्यक्रम में सम्मिलित रहीं। आयोजन को सफल बनाने में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. विमला चौधरी, केन्द्रीय कार्य अध्यक्ष डॉ. कुसुम जैन, प्रांतीय सलाहकार रानी जैन, प्रांतीय अध्यक्ष विजयलक्ष्मी प्रांतीय सचिव निशा चौधरी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष मीना जैन संभाग सचिव मंजू जैन इत्यादि ।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच किया सम्मान एवं कार्यशाला भी आयोजित**

## जबलपुर से कोलकाता उड़ान शुरू करने पर प्रयास

जबलपुर,यशभारत। जबलपुर से कोलकाता की विमान सेवा प्रारंभ करने की मांग पर केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने प्रयास करने का भरोसा दिया है। विमान सेवा प्रारंभ करने की मांग भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दीपांकर बैनर्जी ने केंद्रीय मंत्री से की थी। जिसके जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि जबलपुर और कोलकाता के एयरपोर्ट का स्वामित्त भारतीय विमानपतन प्राधिकरण के पास है। जबलपुर से वर्ममान में एक सप्ताह में 76 उड़ान है। इसमें इंडिगों और एलायंस एयर की सेवाएं है जो जबलपुर से दिल्ली, मुबंई, हैंदराबाद, इंदौर, बिलासपुर और कोलकाता को जोड़ती है। केंद्रीय मंत्री ने पत्र के माध्यम से बताया कि कोलकाता उड़ान प्रारंभ करने के लिए विमानन कंपनी से इस संबंध में चर्चा की जाएगी। दीपांकर बैनर्जी ने कहा कि बड़ी संख्या में बंगाली समाज शहर में है जो कोलकाता आता जाता है। यह विमान सेवा प्रारंभ होने से सुविधाओं में विस्तार होगा।

## विस्थापितों ने लगाया जाम

### बारिश में कहां जाएं....साहब, पुलिस ने दी समझाईश



**जबलपुर, यशभारत।** मौसम की करवट के साथ ही साथ विस्थापितों का दर्द सामने आय रहा है। कुछ समय पहले ही चंडालभाटा से विस्थापित कर, चाटी गांव में बसाए गए पीड़ित रहवासियों ने अधारताल मैरिज गार्डन के सामने जाम लगा दिया। पीड़ितों की मांग है कि भरी वर्षा में उनके पास रहने को ना तो घर है और ना खाने को निवाला। अब वह आखिर जाएं तो जाएं कहां? प्रशासन ने व्यवस्थाएं किसी से छुपी नहीं है। जिसके चलते उनका जीवन नारकीय हो चुका है। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने रहवासियों को समझाईश देकर बमुश्किल जाम खुलवाया। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि चंडालभाटा से विस्थापित किए गए लोगों ने अपनी मांगों को लेकर आज बायपास के पास जाम लगा दिया। उनकी मांग थी कि भरी वर्षा में वह अपने बच्चों और परिजनों को लेकर कहां जाएं। उनके पास कोई व्यवस्थाएं नहीं है। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों का भारी जमावड़ा हो गया। जिसके बाद पीड़ितों को हर संभव समझाईश देकर जाम खुलवाया गया।

## स्कूलों में ग्रीष्म अवकाश



**जबलपुर, यशभारत।** मध्य प्रदेश में स्कूलों की छुट्टी को लेकर शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। शिक्षकों और छात्रों के लिए शिक्षा विभाग ने स्कूलों में साल 2023-24 की छुट्टियां घोषित करते हुए लिस्ट जारी की है। 1 मई से 15 जून तक मध्य प्रदेश के स्कूलों में छुट्टी घोषित की गई हैं।

स्कूलों में छुट्टी की तारीख
1 मई से 15 जून तक छात्रों के लिए छुट्टी
1 मई से 9 जून तक शिक्षकों के लिए छुट्टी
10 से 15 नवंबर तक दीपावली की छुट्टी रहेगी
31 दिसंबर से 4 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश।

# ग्रीष्म कालीन बॉक्सिंग प्रशिक्षण आज से

**जबलपुर, यशभारत।** खेल और युवा कल्याण विभाग जबलपुर के द्वारा रानीताल बॉक्सिंग सेंटर में ग्रीष्म कालीन बॉक्सिंग प्रशिक्षण 1 मई से 15 जून 2023 तक रानीताल स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में लगाया जाएगा । इस प्रशिक्षण में 8 वर्ष से अधिक बालक और बालिका भाग लेगी और बॉक्सिंग प्रशिक्षण में बेसिक व टेक्नीक के बारीकी में बताया जाएगा और बच्चों को द्र×द्रह्रष्द्बह्यद्ग से शारीरिक व मानसिक को तैयार करेंगे प्रशिक्षण का समय सुबह 6 बजे से 8 बजे तक और शाम 5 बजे से 7 बजे होगा । प्रशिक्षण परम जीत सिंह और खेलों इंडिया के कोच नूपुर पांडे के द्वारा किया जा रहा है । बॉक्सिंग सीखने के लिये सभी बालक व बालिका को कार्यालय खेल और युवा कल्याण विभाग रानीताल बॉक्सिंग सेंटर जबलपुर में संपर्क करें ्।



## हर्ष ठाकुर का सम्मान

**जबलपुर, यशभारत।** वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग फेडरेशन के तत्वावधान में भिलाई में आयोजित राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में कनिष्ठ वर्ग में जबलपुर के हर्ष ठाकुर ने रजत पदक जीत कर नगर को गौरंवित किया। इनका सम्मान पावर लिफ्टिंग जबलपुर अध्यक्ष सावित्री यादव सचिव नईम खान , शानू यादव द्वारा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी विनय डेहरिया और आयरन गेम्स के सतीश यादव की उपस्थिती मे सिविक सेंटर में किया गया।



## राजेश सिंह बने प्रांतीय सचिव

जबलपुर, यश भारत। मध्य प्रदेश जागरुक खेल संघ के जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया की आज जागरुक खेल संघ के संभागीय अध्यक्ष राकेश श्रीवास की अनुसंसा पर विद्युत मंडल के होनहार फुटबॉल खिलाड़ी श्री राजेश सिंह को जागरुक खेल संघ का प्रांतीय सचिव नियुक्त किया गया द्य आपकी इस नियुक्ति पर संघ के पद्धिकारीयो तथा संस्कारधानी के खेल प्रेमियों ने शुभकामनाए देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की द्य द्बह्य अवसर पर संघ के जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, राकेश श्रीवास, क्रिस्टोफर नरोन्हा, स्टेनली, शशि रमन स्वामी, दिनेश गोंड, कुलदीप, तेजवां, धंराज पिल्ले, हेमंत ठाकरे, आदि उपस्थित थे।

# मिलिटरी बैंड का प्रदर्शन गूंजी देशभक्ति से भरी धुनें



**जबलपुर, यश भारत।** स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे करने के अवसर पर, आजादी के अमृत महोत्सव की शुरुआत 12 मार्च 2021 को हो गई थी। इस पहल का उद्देश्य भारत के गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों और उपलब्धियों के बारे में आम जनता में जागरूकता निर्माण करना है। इसी दिशा में संगीत के माध्यम से एक प्रयास, मुख्यालय मध्य भारत एरिया के आधिनस्त ग्रिनेडियर्स रेजिमेंट के मिलिटरी बैंड द्वारा, टौगोर गार्डन सदर में आयोजित किया गया। जिसमें जीआरसी के बैंड दल ने देशभक्ति गीतों की धुनें बजाते हुए लोगों में असीम जोश भर दिया। आमजन ने भी तालियों के साथ बैंड दल की प्रस्तुतियों को जमकर सराहा।




## जीपीएस में मनाई गई 91वीं वर्षगांठ

**जबलपुर, यशभारत।** गत दिवस जीसीएफ में ए आई एन जी ओ की 91 वी वर्षगांठ बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया पूर्व सचिव होली लाल विश्वकर्मा ने कार्यक्रम में ए आई एन जी ओ की उपलब्धि के बारे में बताया इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि श्री हिमांशु देशपांडे थे कार्यक्रम जीसीएफ के इंडस्ट्रियल कैंटीन में मनाया गया जहां सैकड़ों की तादाद में ठ्ठश्ठ-द्दड्ड5द्गह्लह्लद्गस्र ऑफिसर उपस्थित थे एसोसिएशन के सचिव अजय रजक द्वारा केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत किया गया एवं सभी सदस्यों को उपहार स्वरूप पेन बांटा गया नए जुड़े सदस्यों में इस कार्यक्रम को लेकर काफी जागरूकता देखा गया कार्यक्रम में नरेश बाजपेई आशीष सहाय शरद बोरकर राजेंद्र असाटी अंकित राठौर राहुल विभु संजीव प्रवीण संदीप अंजनी मुकेश भट्टी अवनीश अमिताभ एवं महिला अफसरों में साधना मिश्रा दीपा डिंपल नए सदस्यों में अमित विश्वास सोमेंद्र श्याम रवि शाह पंकज रंजन अभिषेक यादव विजेंद्र शिवानंद कुमार संजय बेंजामिन दीपक सरकार राकेश यादव उपस्थित हुए कार्यक्रम की रूपरेखा मंच संचालन सचिव अजय अजय रजक द्वारा किया गया

## आर्मी पब्लिक विद्यालय क्रमांक -2 में शपथ ग्रहण

# नवनिर्वाचित परिषद मण्डल को सौंपे दायित्व






**जबलपुर, यशभारत।** शपथ प्रतीक है कर्तव्यनिष्ठा और कर्मपथ पर अग्रसर होने का और इसी कर्तव्यपरायणता की श्रंखला को आगे बढ़ाते हुए आर्मी पब्लिक विद्यालय क्रमांक -2 के तत्वावधान में शपथग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया । कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय के नवनिर्वाचित परिषद मण्डल को अपने पद की गरिमा तथा दायित्वों का बोध कराना एवं विद्यालय के प्रत्येक क्रियाकलाप का सुचारु संचालन, अनुशासन के दायरे में संपन्न कराने की वचनबद्धधता से ओतप्रोत करना था । इस गौरवपूर्ण अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती उर्वशी शर्मा अध्यक्षा, एफ. डबल्यू. ओ. जैक आर आर सी एवं विशिष्ट अतिथि महोदय सेवानिवृत्त कर्नल कुलबीर सिंह जैक आर आर सी तथा नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों के माता-पिता उपस्थित रहे । कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों का स्वागत द्रुम पात्र अर्पित करने से हुआ। तत्पश्चात विद्यालयीन छात्रों द्वारा जोशीला सामूहिक गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में विद्यालय छात्र कप्तान ओम चौधरी तथा छात्रा कप्तान अनन्या शुक्ला के साथ ही अनुशासन, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, सहसांस्कृतिक, खेल और चारों सदन के कप्तान और उपकप्तान को मुख्य अतिथि महोदया द्वारा ध्वज और फीते से अलंकृत कर नूतन पदभार से गौरवान्वित किया गया । विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती शीला पाण्डेय द्वारा इन नवनिर्वाचित परिषद मण्डल के सदस्यों को शपथ दिलाई गई । कार्यक्रम के अगले चरण में छात्रों द्वारा प्रेरणावर्धक नृत्य किया गया । विद्यालय की छात्रा कप्तान अनन्या शुक्ला की माताजी श्रीमती रिंकी शुक्ला ने विद्यालय परिवार का आभार प्रकट करते हुए सभी चयनित विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों को बधाई प्रेषित की। कार्यक्रम के अंत में अतिथि महोदया ने अपने उद्बोधन में नवनिर्वाचित छात्रों को बधाई उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया तथा विद्यालय के विकास के साथ ही स्वयं की देते हुए उन्नति हेतु उचित मार्गदर्शन दिया। समारोह के समापन अवसर पर सभी के प्रति विद्यालय के नवनिर्वाचित छात्र कप्तान ओम चौधरी तथा छात्रा कप्तान अनन्या शुक्ला द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में प्राथमिक स्तर हेतु अनुपम खेल मैदान का उद्घाटन हमारे विशिष्ट अतिथि महोदय सेवानिवृत्त कर्नल कुलबीर सिंह द्वारा किया गया । सम्पूर्ण कार्यक्रम प्राचार्या श्रीमती शीला पाण्डेय के निर्देशन में वरिष्ठ खेल शिक्षक श्रीमान यदुराज शर्मा के अनुभवी सहयोग से सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ ।

# रांझी की जनसमस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर केंट कांग्रेसियों ने किया उग्र प्रदर्शन

**जबलपुर,यशभारत।** पूर्व केंट बोर्ड उपाध्यक्ष अभिषेक चिंटू चौकसे एवं प्रतीक चौकसे के नेतृत्व में क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों के साथ केंट विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं ने शनिवार को केंट विधायक कार्यालय के घेराव का मूड बनाया लेकिन पुलिस ने मोनी तिराहे पर बैरीकेटिंग कर सभी कार्यकर्ताओं को रोक लिया। इस दौरान केंट कांग्रेसियों ने केंट विधायक अशोक रोहाणी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए उग्र प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों की पुलिस से भी हल्की झड़प हुई। जिसके बाद कांग्रेसियों द्वारा एसडीएम महोदय को ज्ञापन सौंपा गया और मांग की गई कि रांझी क्षेत्र में बिजली, पानी की व्यवस्था को सुचारू रूप से व्यवस्थित किया जाए। और रांझी बड़ा पत्थर से मोहनिया तक जर्जर पड़ी सड़कों को बनाया जाए जिससे सड़क हादसों पर लगाम लग सके। पूर्व कैंट बोर्ड उपाध्यक्ष अभिषेक चिंटू चौकसे एवं प्रतीक चौकसे ने बताया कि रांझी स्थित रांझी जल शोधन संयंत्र एक वॉटर टैंक है वहां पर 16 वार्डों में पानी सप्लाई होता है लेकिन उस टैंक में पूरा मलवा भरा हुआ है और अभी तक कोई भी सुधार नहीं हुआ है। रांझी सरकारी अस्पताल में सारी व्यवस्थाएं ठप्प पड़ी हैं। रांझी के सरकारी स्कूलों की हालत दयनीय है। लाला लाजपत राय वार्ड अन्य वार्डों में अभी से ही पानी की कमी होने लगी है । इन सभी समस्याओं का कांग्रेसियों ने जल्द से जल्द निराकरण करने की मांग एसडीएम से की है। प्रदर्शन के दौरान प्रतीक चौकसे, अनिल शर्मा,आशु वस्त, सोनू गुप्ता,संजू ठाकुर गोविंद चौधरी, राजू कनौजिया, जग्गू विश्वकर्मा , विष्णु विश्वकर्मा, राहुल रजक,आलोक भट्ट, निशा ओझा, मोहन हुईके, चंदन चौधरी, , अर्पित सोनकर , पवन कनौजिया सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





## आकाशवाणी जबलपुर से मन की बात का 100 प्रसारण

**जबलपुर, यशभारत।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का 100 प्रसारण* आकाशवाणी जबलपुर, में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विनोद गोटिया अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम, अशोक रोहाणी कैंट विधायक, कैंट, पार्षद अमित अग्रवाल, प्रदीप कुमार पटले उप महानिदेशक आकाशवाणी जबलपुर, डीएन त्रिवेदी उपनिदेशक आकाशवाणी, दिनेश कुमार नामदेव सहायक निदेशक (कार्यक्रम), अनिल कुमार गर्ग इंजीनियर असिस्टेंट एवं समस्त आकाशवाणी के तकनीकी स्टाफ मौजूद रहा।

# जंगल में तब्दील हो गए रेल कर्मचारियों की कॉलोनी के पार्क



**जबलपुर । रेलवे कर्मचारियों के लिए बेहतर स्वास्थ्य व सुकून के लिए बनाए गए पार्क बदहाल स्थिति में पहुंच चुके हैं। पार्कों में साफ-सफाई नहीं होने से जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे रहते हैं। शाम ढलते ही यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने लगता है। दुर्दशा के शिकार हुए संबंधित पार्कों की स्थिति सुधारने के बजाय इनसे मुंह मोड़ दिया है जबकि इस संबंध में वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ द्वारा विभिन्न बैठकों में इस मुद्दे को उठाया गया किंतु पार्कों की स्थिति यथावत बनी हुई है देखरेख के अभाव में यह पार्क बदहाल हो चुके हैं। बच्चों के खेलने के लिए लगाए गए झूले व बुजुर्गों के बैठने के लिए बनाए गए बैंच भी असामाजिक तत्वों ने तोड़ दिए हैं। यही नहीं पार्कों में लगाए गए कूड़ेदान भी गायब हो चुके हैं।**

## कहीं झूले टूटे तो कहीं ऊग आई है घांस, गंदगी से बजबजा रही नालियां

**किशोर गौतम**

पार्कों की बदहाली के कारण बुजुर्गों व बच्चों ने यहां आना भी छोड़ दिया है इस संबंध में जब रेलवे कॉलोनी में बने पार्कों के संबंध में जानकारी ली गई तो संबंधित फंड का रोना रो रहे वहीं जानकारों की माने तो रेलवे की ऑफिसर कॉलोनी के पार्क चमचमा रहे हैं।

### कहीं पार्क की बाउंड्रीवाल ढही है तो कहीं नामोंनिशान मिटा

उल्लेखनीय है कि रेलवे कर्मचारियों के रहने के लिए बनीं कालोनियों में कहने के लिए अनेक जगह पार्क बनाए गए हैं, लेकिन उनका वजूद खत्म हो गया है। कालोनियों में ढूंढने के बाद भी पार्क नजर नहीं आएंगे। कहीं पार्क की बाउंड्रीवाल ढही है तो कहीं नामोंनिशान मिट गया है। पार्कों की साफ सफाई व्यवस्था ठप पड़ी हुई है वही बच्चों के खेलने के लिए लगे झूले गायब हो चुके हैं जगह जगह फैली गंदगी और लगी घास के कारण जहरीले जीव जंतु स्वच्छंद विचरण कर रहे हैं जिनकी दहशत के कारण कॉलोनी वासियों ने पार्कों में जाना बंद कर दिया है जानकारों की माने तो पार्कों में न तो बैठने की जगह रही है घूमने की ऐसे में रेलवे कर्मचारी और उनके बच्चे गर्मी के मौसम में परेशान हो रहे हैं। बच्चों के खेलने के लिए कहीं जगह नहीं बची है रेलवे कर्मचारियों के परिवारवालों के समय बीताने और बच्चों के खेलने के लिए बनाए गए पार्क अब



गायब हो चुके हैं रेलवे कालोनी के पार्कों का तो अस्तित्व ही मिट गया है। शाम होते ही पार्क में अंधेरा छा जाता है संबंधित अधिकारी ने बताया कि रेलवे कॉलोनी के पार्कों की मरम्मत एवं देखरेख के लिए सालाना 50 लाख रुपए आता है।



**बेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ बैठकों में उठा चुका है अनेक बार यह मुद्दा**

## जहरीले जीव जंतुओं की दहशत से कॉलोनी वासियों ने पार्कों में जाना किया बंद



### रेलवे की है 8 कालोनियां

रेलवे कर्मचारियों के रहने के लिए 8 रेलवे कॉलोनी है रेलवे लाइन एवं स्टेशन के आसपास है जिसमें से बजरंग कॉलोनी . रेल सौरभ कॉलोनी लोको तलैया कॉलोनी अपर लाइन कॉलोनी प्रकाश कॉलोनी सुभाष कॉलोनी हाउवाग रेल नेहरू कॉलोनी प्रेम नगर एवं मदन महल मैं रेलवे कर्मचारियों के लिए कालोनिया है जानकारी के मुताबिक इन कालोनियों में से 5 कालोनियों में पार्क भी है जो अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं।

### इनका कहना है...

रेलवे कर्मचारियों के आवासों व कॉलोनियों की खस्ता हालत है जिसके जीणोउद्धार एवं साफ-सफाई मरम्मत आदि के लिए कई बार मंडल एवं मुख्यालय स्तर पर विभिन्न बैठकों में इस मुद्दे को रखा गया परंतु फंड की कमी का रोना रोकर रेल प्रशासन द्वारा इस दिशा में कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है/

**सतीश कुमार संयुक्त महामंत्री**

स्टेशनों के आधुनिकीकरण के नाम पर करोड़ों की राशि से बार-बार री डेवलपमेंट किया जाता है परंतु कर्मचारियों के आवास एवं कॉलोनियों की दुर्दशा सुधारने के लिए रेलवे के पास ठंड नहीं है/

**डीपी अग्रवाल मंडल सचिव**

रेलवे कॉलोनी के पार्कों के रखरखाव एवं साफ सफाई के लिए फंड की डिमांड कर दी गई है जैसे ही फंड आता है इसमें उन्नयन कार्य किया जाएगा।

**जेपी सिंह सीनियर डीई जबलपुर**

# अवैध रेल ई-टिकट बनाने वाले दलालों पर आरपीएफ की कार्रवाई से मचा हड़कंप

**जबलपुर यशभारत।** रेल सुरक्षा बल द्वारा अनाधिकृत रूप से रेल टिकट बनाने वालों के विरुद्ध ऑपरेशन उपलब्ध अभियान के तहत कार्रवाई निरंतर जारी है। इसी कड़ी में जबलपुर मण्डल में पोस्ट कटनी में वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त जबलपुर, रेल सुरक्षा बल कार्यालय के माध्यम से प्रेषित संदिग्ध यूजर आईडी के वेरीफिकेशन हेतु जारी निर्देशों के आधार पर कार्यवाही के तहत सहायक उप निरीक्षक सुनील सिहं बघेल एवं स्टॉफ द्वारा अनिल अवस्थी, उम्र-34 साल, निवासी-तिलक कॉलेज रोड, जाग्रति कालोनी, आचार्य विनोवा भावे वार्ड जिला-कटनी से मोबाईल से पूछताछ की गई तो उसने लालचवश पर्सनल यूजर आईडी व जीमेल एकाउंट से ई-रेल टिकट बनाकर ग्राहकों को टिकट मूल्य से 20-50/-रूपये तक अतिरिक्त कमीशन लेकर बेचना स्वीकार किया। जॉच दौरान उसके कब्जे से एक मोबाईल, जिसमें जियो सिम लगी हुई है। आरपीएफ द्वारा पर्सनल यूजर आईडी से बनायी गई कुल 37 नग (यात्रा की जा चुकी) ई-रेल टिकटें कुल कीमत 44,155/-रूपये को



जप्त किया गया। आरोपी द्वारा अपराध स्वीकारोक्ति पश्चात रेल सुरक्षा बल पोस्ट कटनी में रेल अधिनियम धारा 143 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। पश्चिम मध्य रेल के प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त ने रेल सुरक्षा बल की सराहना की।

# व्यापारी से 62 बोरी प्रतिबंधात्मक पॉलीथिन एवं प्लास्टिक जप्त


**जबलपुर, यशभारत।** राम मनोहर लोहिया वार्ड के अंतर्गतनगर निगम एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा आज संयुक्त रूप से चंडाल भाटा ट्रान्सपोर्ट नगर स्थित दिव्य एक्स्प्रेस के सामने त्रिपाल हाउस की गोडाउन के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई की गयी। मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रतिबंधात्मक अमानक प्रकार की पॉलीथिन संग्रह करने का बड़ा कारोबार त्रिपाल हाउस के द्वारा किया जा रहा था, जिसकी खबर होने पर निगम द्वारा बड़ी कार्रवाई की जाकर 62 बोरी प्रतिबंधात्मक पॉलीथिन एवं प्लास्टिक जप्त की गई, स्थल पर ही पंचनामा तैयार कर गोडाउन को सील किया गया और संचालिक के ऊपर 1 लाख 10 हजार रूपये का जुर्माने स्पॉट फाइन के रूप में वसूल किया गया।

**1 लाख 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया**

यह कार्रवाई आज निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य अधिकारी भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में की गयी। कार्रवाई के संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि शहर में प्रतिबंधात्मक पॉलीथिन क्रय, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं उपयोग करने वालो के विरूद्ध नगर निगम एवं मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण मंडल के द्वारा संयुक्त रूप से लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कार्रवाई के तहत् आज उक्त कार्रवाई की जाकर 62 बोरी प्रतिबंधात्मक पॉलीथिन एवं प्लास्टिक जप्त की गयी तथा पंचनामा तैयार कर प्रतिष्ठान (गोडाउन) को सील करने की कार्यवाही की गयी। अब इस प्रकार की कार्रवाई लगातार शहर भर में जारी रहेगी। कार्यवाही में मुख्य स्वच्छता निरीक्षक धर्मेन्द्र राज, रवीन्द्र ठाकुर, सन्तोष गौर, अतुल रैकवार, स्वच्छता निरीक्षक कोदुलाल अहिरवार, अमन चौरसिया, गोहलपुर थाना के विजय कुमार यादव, विपिन यादव आदि उपस्थित रहे हैं।

# शर्म तुमको मगर नहीं आती

डोरीलाल तुमको शर्म नहीं आती। देश की कुश्ती की महान खिलाड़ी दिल्ली में जंतर मंतर पर धरने पर बैठी हैं। खिलाड़ी ने जनवरी माह में आवाज उठाई थी कि उनके साथ शारीरिक दुर्व्यवहार हो रहा है और ये सिलसिला कई सालों से जारी है। खिलाड़ी आलंपिक पदक विजेता हैं। जब ये पदक जीतती हैं और तिरंगा लेकर चलती हैं और मंच पर खड़े होकर जन गण मन गाती हैं तो पूरा देश का सीना गर्व से फूल जाता है। अब ये खिलाड़ी यदि अपने पर हो रहे अत्याचारों की कहानी बता रही हैं तो ये देश उनके साथ नहीं खड़ा है। डोरीलाल तुमको शर्म नहीं आती...। इन महिला पहलवानों ने जब शिकायत की तो पहले तो कोई सुनने को तैयार नहीं हुआ। फिर सुनके कहा झूठी है। मगर फिर लगा कि ऐसे में मामला बिगड़ जाएगा तो दफ्तर बुलाकर समझाया और कहा कि एक कमेटी बना देते हैं। फिर जो दोषी होगा उसके खिलाफ कार्यवाही हो जाएगी। भारत में कमेटी बनाने का मतलब होता है मामले को ठंडे बस्ते में डाल देना। महिला पहलवानों ने तीन महीने इंतजार किया कि कमेटी कुछ करेगी। मगर कमेटी नहीं बोली। शर्म तुमको मगर नहीं आती...। फिर कुछ दमदार लोग सामने आए। उन्हें मालूम था कि आखिर यह, कहां तक लड़ेंगी। तो उनने कहा कि यदि तुम्हें इतना ही दर्द है तो एफआई आर क्यों नहीं करातीं ? एफआईआर कराना मतलब सबकुछ पूरी जिम्मेदारी से बयान करना, सप्रमाण बयान करना और अपनी गोपनीयता उजागर करना। मगर खिलाड़ी इसके लिए भी राजी हो गईं। हुक्मरानों को ये उम्मीद न थी। तो पुलिस ने एफआई आर दर्ज करने से इंकार कर दिया। एफआईआर दर्ज होगी तो जिस पर आरोप है उस पर कार्यवाही करना होगी। गिरफ्तारी करना होगी। तो एफआई आर नहीं होगी। शर्म तुमको मगर नहीं आती...। कपिल सिब्बल सीधे सुप्रीम कोर्ट पंहुच गये। एफआई आर दर्ज कराने की मांग को लेकर। अमूमन ऐसे मामलों में सुप्रीम कोर्ट याचकों को निचली अदालतों में जाने के लिए कहता है। सुप्रीम कोर्ट ने यही कहा पर पुनर्विचार कर उन्होंने एफआई आर के लिए दिए गए लिफाफों को देखा। उसमें जो कुछ देखा उसे देखकर पुलिस से पूछा कि आप एफआईआर क्यों नहीं कर रहे? पुलिस ने कहा कि हम सोच कर बताएंगे। दो दिन बाद पुलिस ने सोचकर बताया कि ठीक है आप कहते हैं तो हम एफ आईआर कर लेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आज ही करो। तो देर रात एफआई आर हुई। शर्म तुमको मगर नहीं आती...। पुलिस का मन आहत हो गया है। पुलिस पुलिस है। सुप्रीम कोर्ट के सामने हेठी हो गई। तो देश के सम्मान की रक्षा के लिए पुलिस ने धरने पर बैठे पहलवानों की बिजली काट दी। उनका खाना नाश्ता चाय और पीने का पानी लाना रोक दिया। उनके गद्दे छीन लिए। पुलिस के बड़े साहब ने कहा है एफआई आर हो गई अब धरना बंद करो वरना ऐसे ही राइट कर देंगे। ये पुलिस पीड़ितों के साथ है या पीड़कों के साथ ? शर्म तुमको मगर नहीं आती...। सीधे सादे पहलवानों को पिछले बार समझाया गया कि राजनीतिक लोग यदि तुम्हारे आंदोलन को समर्थन देंगे तो तुम लोग राजनीति के चक्कर में पड़ जाओगे। बेचारों ने किसी राजनीतिज्ञ को आने न दिया। मंच पर बैठने न दिया। मगर सत्ताधारी बहुत कठोर हैं। इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ा। इस बार जब खिलाड़ियों ने सबसे समर्थन की अपील की तो सब पहुंचे। खिलाड़ियों को अपने खिलाड़ी समुदाय से अपील करना पड़ी। भाईयो आप तो हमारे साथ आओ। हम और आप तो खिलाड़ी हैं। हम एक दूसरे का दर्द तो समझें। कपिलदेव, वीरेन्द्र सहवाग, नीरज चोपड़ा, अभिनव बिन्द्रा परगट सिंह जैसे खिलाड़ियों ने दमदारी के साथ कहा कि हम पहलवान खिलाड़ियों के संघर्ष के साथ हैं मगर न जाने कितने हजारों खिलाड़ी, और विशेषकर महिला खिलाड़ी चुप हैं। चुप हैं मतलब या तो साथ नहीं हैं या फिर हिम्मत नहीं है समर्थन करने की। उल्टे अब महिला पहलवानों पर घटिया आरोप लगाने का सिलसिला शुरू हो गया है। शर्म तुमको मगर नहीं आती...। डोरीलाल अपने प्यारे देशवासियों से एक बात पूछना चाहता है। आखिर कब तक? कब तक चुप रहोगे। तुम चुप हो इसका यह मतलब नहीं कि तुम पीड़ित के साथ हो। इसका मतलब तुम पीड़क के साथ हो, अत्याचारी के साथ हो। इस चुप्पी के साथ क्या तुम अपनी बच्ची को खिलाड़ी बनाओगे ? क्या कोई बच्ची अब खेलों में नाम और मेडल कमाना चाहेगी ? कौन मां बाप सबकुछ जानते समझते अपनी बच्चियों को खेलने भेजेंगे ? शर्म तुमको मगर नहीं आती...। चुप्पी तोड़ो, भारत देश चुप्पी तोड़ो।



**डोरीलाल भारतप्रेमी**

# भेड़ाघाट में स्थापित है महर्षि भृगु प्रतिमा, 5 मई को होगा महाभिषेक

**जबलपुर, यशभारत।** भगवान विष्णु की छाती पर पद प्रहार कर उनकी श्रेष्ठता की परीक्षा लेने वाले महर्षि भृगु की तपोस्थली भेड़ाघाट में श्री परशुराम धाम विकास समिति द्वारा स्थापित महर्षि भृगु प्रतिमा का भृगु जयंती के अवसर 5 मई को सुबह 10 बजे विविध धार्मिक आयोजनों के साथ महाभिषेक किया जायेगा। समिति के अध्यक्ष डॉ. एच.पी.तिवारी व सचिव सचिन मिश्रा ने बताया कि नर्मदा पुराण में वर्णित महर्षि की तपस्थली भृगु चौरा में विगत 15 वर्षो से समिति द्वारा भृगु प्राकट्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। वर्ष 2014 में समिति द्वारा इस पवित्र पौराणिक चबूतरे में महर्षि भृगु की प्रतिमा स्थापित कर दिए जाने से यह स्थल जन आस्था का केंद्र बन गया है। आयोजन में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने का आग्रह समिति के अध्यक्ष डॉ. एच.पी.तिवारी, सचिव सचिन मिश्रा, आचार्य ब्रजेश मिश्रा, प्रभात तिवारी, श्रुतिकीर्ति मिश्रा, डॉ.श्रद्धा तिवारी, दिनेश दुबे, रघुवीर व्यास, जीवेश पांडे, अभय प्यासी, मालती व्यास, विकास तिवारी व सुमित प्यासी आदि ने की है।

**निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने दिए निर्देश**

# कंडम बसों में बनेंगे लाइब्रेरी, चेंजिंग रूम, रैन बसेरा, बच्चों के लिए फिसल

**जबलपुर, यशभारत।** आई.एस.बी.टी. बस स्टैंड में पुरानी बसों के साथ लाइब्रेरी, रैन बसेरा एवं चेंजिंग रूम के लिए चल रहे कार्यो का निरीक्षण आज फिर से निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े के द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने पुरानी हो चुकी बसों को देखते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि इन बसों का नवाचार करते हुए इन्हें किसी ना किसी रूप में उपयोग किया जाये। इसके अलावा लाइब्रेरी, रैन बसेरा एवं चेंजिंग रूम के निर्माण कार्यो को भी उन्होंने देखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। यही नहीं थैला बैंक, बर्तन



बैंक, कपड़ा बैंक, नगर निगम के पार्कों में बच्चों के लिए बसों को तैयार कर फिसल पट्टी, जिम आदि बनाने के भी निर्देश दिए। यहॉ पर बस स्टैण्ड में बहुत सारी पुरानी हो चुकी बसों के पुर्जो को भी उपयोग में लाने की बात अधिकारियों से करते हुए निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने इनके रखरखाव के विषय में भी अधिकारियों से चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत बसों का उपयोग किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इसके पहले भी निगमायुक्त श्री वानखड़े ने कंडम बसों का अवलोकन कर उसका सदुपयोग करने के निर्देश दिए गए थे। इस मौके पर जेसीटीएसएल के सी.ई.ओ. सचिन विश्वकर्मा कार्यपालन यंत्री जी.एस. मरावी आदि उपस्थित रहे।

## अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा का आदर्श सामूहिक विवाह

# 51 जोड़े बंधे विवाह के बंधन में



**जबलपुर, यशभारत।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा जबलपुर के तत्वाधान में 30 अप्रैल रविवार को आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन दादा की बगिया पुरैना रोड खजरी खिरिया रोड में आयोजित किया गया । विवाह सम्मेलन मे लगभग 51 जोड़ो का विवाह गायत्री परिवार के पुरोहितों द्वारा पूरी विधि विधान से संपन्न कराया गया। उसके पहले 51 दूल्हों की बारात बेंड बाजे के साथ निकाली जाएगी जो कार्यस्थल पर पहुंचेगी तथा महिला मंडल के द्वारा बारात का स्वागत कर मंच से जोड़ों का मंत्रोच्चार के साथ वरमाला कराया जाएगा उसके बाद उनका विवाह सम्पन्न कराया जायेगा प्रत्येक जो?ो वर वधु को घर गृहस्थी की सामग्री समाज के पदाधिकारियों के द्वारा उपहार स्वरूप प्रदान की गई । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्टीय कार्यकारी अध्यक्ष योगेंद्र सिंह मंडलोई, राजा दिग्विजय सिंह यादव प्रदेश उपाध्यक्ष, दामोदर यादव राष्ट्रीय महासचिव, भूपेंद्र सिंह यादव पूर्व छ्स्क्करीवा, श्रीमती विद्या यादव सागर कार्यक्रम में उपस्थित थे एवं आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष भारत सिंह यादव द्वारा की गई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान श्रीकृष्ण जी का पूजन अर्चन कर विधिवत शुभारंभ किया गया तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों का परिचय एवं स्वागत समाज के पदाधिकारियों के द्वारा किया गया मंच का संचालन ऋषि यादव के द्वारा किया गया कार्यक्रम में महिला शहर अध्यक्ष श्रीमती तृप्ति यादव ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की एवं सभी को नियुक्ति पत्र प्रदान किया । विवाह सम्मेलन में मंडला, सिवनी, कटनी, नरसिंहपुर, कुंडम, बघराजी, अन्य जिले से स्वजातीय बन्धु उपस्थित हुए कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष भारत सिंह यादव, शहर अध्यक्ष चंदन सिंह यादव, ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव, महिला शहर अध्यक्ष श्रीमती तृप्ति यादव, महिला ग्रामीण अध्यक्ष उमेदा यादव, युवा शहर अध्यक्ष शशांक यादव, युवा ग्रामीण अध्यक्ष सर्वेश यादव, प्रदीप यादव पूर्व मंडी अध्यक्ष, के एन सिंह यादव, शिव यादव, परमू यादव, विवाह प्रभारी पी एल यादव, विजय यादव, मनोज यादव, दिनेश यादव, सुभाष यादव, रवि यादव, सुनील यादव, प्रकाश यादव, विजय सिंह यादव, श्रीमती विनीता यादव, श्रीमती हेमलता यादव, सुरेखा यादव, अर्चना यादव, अनिता यादव, गीता यादव, सुमन यादव, सुनीता यादव, संदीप यादव, भूपेंद्र यादव, राममिलन यादव कार्यकारी अध्यक्ष, दीपक यादव युवा ग्रामीण कार्यकारी अध्यक्ष, रामरतन यादव, राघवेन्द्र यादव, सचिन यादव, दशरथ यादव, अशोक यादव, घनश्याम यादव, विजय यादव, रामजी यादव, आदि ने उपस्थित थे।

## सिध्द मंच गढा में जानकी जयंती उत्सव

**जबलपुर , यशभारत।** श्रीरामलीला गढा के सिद्ध मंच पर बैशाख सीता नवमी शुक्ल पक्ष को जानकी जयंति उत्सव श्रीरामर्चा और सीता सहस्त्रनामार्चन यज्ञ अनुष्ठान वैदिक विधी से आचार्य कामता गौतम और संजय तिवारी च्शास्त्रीज ने सम्पन्न करवाया। नरसिंहपीठाधीश्वर स्वामी नरसिंह दास महाराज जी एवं संयोजक पं अशोक मनोध्याय मुख्य यजमान थे। सहयजमान अध्यक्ष रमाशंकर कटारे महामंत्री राजेन्द्र प्यासी स्थाई सदस्य शरद दुबे कुररिया, हरीश मनोध्याय कार्याध्यक्ष राकेश पाठक उपाध्यक्ष राजेश नेमा, मंत्री लोकराम कोरी, भोलाराम खत्री मोती शिवहरे, मुकेश मिश्रा सम्राट पांडेय, डा भूपेन्द्र उपाध्याय अशोक बघेल डा राजेन्द्र नेमा ने 40 किलो गुलाब पुष्प से माता सीता की अर्चना की, तदोपरांत भोजन प्रसादी प्रसाद वितरण हुआ।



## अभिनय, संगीत, नृत्य में होंगे पारंगत

जबलपुर, यशभारत। नाट्य लोक सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था की ग्रीष्मकालीन कार्यशाला इस वर्ष भी श्री जानकीरमण महाविद्यालय में 1 मई से लेकर 1 जून 2023 तक शाम 5.00 से 7.00 तक आयोजित की जाएगी, जिसमें अभिनय, गीत-संगीत, लोक नृत्य आदि का विधिवत प्रशिक्षण कुशल प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा, इस कार्यशाला में 10 वर्ष से ऊपर की आयु के लोग ही भाग ले सकेंगे 7 सचिव दविंदर सिंह ग्रोवर ने बताया कि कार्यशाला में एक नाटक तैयार किया जाएगा, संगीत की प्रस्तुतियां तैयार की जाएंगी एवं लोक नृत्य तैयार किए जाएंगे जिसकी प्रस्तुति जून के प्रथम सप्ताह मैं कार्यशाला के समापन के अवसर पर की जाएगी ।

# रेल यात्रियों ने स्टेशनों पर मन से सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात



## जबलपुर रेल मंडल में सभी जगह किया गया प्रसारण

जबलपुर यशभारत। प्रधानमंत्री के मन की बात के 100 वे एपिसोड का रविवार को जबलपुर रेल मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों का प्रसारण किया गया। जिसे रेल यात्रियों सहित अन्य लोगों ने बड़ी दिलचस्पी के साथ देखा और सुना। जबलपुर स्टेशन पर इस मौके पर प्लेटफार्म क्रमांक 1 एवं 6 के बाहर वीडियो वॉल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया इसके साथ ही प्लेटफार्म पर लगे सभी टीवी पर भी प्रसारित किया गया। जबलपुर के साथ ही मदन महल, नरसिंहपुर, श्रीधाम, गाडरवारा, कटनी, दमोह, सागर, सतना, रीवा, मैहर आदि प्रमुख स्टेशनों पर भी रेलवे के उद्घोषणा के साधनों से मन की बात का प्रसारण किया गया जिसे की हजारों लोगों ने सुना। जबलपुर स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक गुप्ता के साथी वाणिज्य विभाग के अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, नितेश सोने, मत्युंजय कुमार, पंकज दुबे गुन्नार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## नगर परिषद बरेला (जबलपुर)

### लाडली बहना योजना के अंतर्गत आपत्ति दर्ज करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश

1 लाडली बहना में प्राप्त समस्त आवेदनों की अनन्तिम सूची का प्रकाशन कार्यालय नगर परिषद बरेला, तहसील कार्यालय, पुलिस थाना एवं नगर के अन्य सार्वजनिक स्थानों में किया जावेगा।
2 लाडली बहना योजना अंतर्गत भरे गए फार्म में 1 मई से 15 मई तक आपत्ति शासन की वेबसाइट cmladlibahna.mp.gov.in पर ऑनलाइन दर्ज की जा सकेगी।
3 आपत्तिकर्ता को वेबसाइट पर स्वयं का पंजीयन करना अनिवार्य होगा तथा आपत्तिकर्ता एक मोबाइल नंबर से 1 दिन में अधिकतम 5 आपत्तियां दर्ज कर सकेगा।
4 आपत्ति किसी भी सीएससी सेंटर एमपी ऑनलाइन या कियोस्क सेंटर के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज की जा सकेगी।
5 15 मई से दर्ज हुई आपत्तियों का निराकरण समिति द्वारा किया जाएगा।
अतः जिस किसी को भी आपत्ति दर्ज करनी है वो 01 से 15 मई तक ऑनलाइनआपत्ति दर्ज कराए।

निवेदक
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बरेला

## गुना और राघौगढ़ में कांग्रेस की लाज बचानी

# गृह क्षेत्रों ने बढ़ाई दिग्विजय सिंह और ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिए चुनौतियां

**भोपाल ,यशभारत। मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के दिग्गज दिग्विजय सिंह और भाजपा के दिग्गज ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिए चुनौतियां बढ़ गई हैं। दिग्विजय को जहां अपने गढ़ गुना और राघौगढ़ में कांग्रेस की लाज बचानी है तो ग्वालियर-चंबल में भाजपा की जीत का दारोमदार सिंधिया पर है। दरअसल, ग्वालियर में भाजपा की सियासी जमीन काफी हद तक ज्योतिरादित्य सिंधिया की मुखालफत पर बनी थी। उनके भाजपा में शामिल होने के बाद ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के राजनीतिक समीकरण पूरी तरह बदल चुके हैं। ग्वालियर और मुरैना नगर निगम चुनाव में भाजपा की हार हुई थी।**





### भाजपा को मिलेगा फायदा

भाजपा चुनौतीपूर्ण स्थानों पर पूरी तैयारी के साथ मैदान में है। हमने ऐसी विधानसभा सीटों को आकांक्षी सीट घोषित किया है, वहां जो कमियां हैं, उन्हें दूर किया जा रहा है। वरिष्ठ नेताओं के क्षेत्र की बात है तो इनमें सरकार और संगठन मिलकर काम कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की पकड़ अपने क्षेत्रों पर लगातार कमजोर पड़ती जा रही है। जिसका फायदा भाजपा को मिलेगा। - रजनीश अग्रवाल, प्रदेश मंत्री, प्रदेश भाजपा

सिंधिया 2019 के लोकसभा चुनाव में गुना-शिवपुरी लोकसभा सीट से अपनी हार के पीछे बड़ी वजह दिग्विजय सिंह को मानते रहे हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद से वे लगातार दिग्विजय सिंह के गढ़ की घेराबंदी करते रहे हैं। ऐसे में दोनों के गृह क्षेत्र के चुनाव परिणाम भी नई सरकार के गठन के लिए अहम साबित होंगे। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के सामने चुनौती है ग्वालियर-चंबल में भाजपा को विजय दिलाकर अपनी ताकत दिखाने की। निकाय चुनाव में ग्वालियर क्षेत्र में भाजपा को खास सफलता हाथ नहीं लगी थी। महापौर पद पर भी हार का सामना करना पड़ा। ऐसे में सिंधिया के सामने राजनीतिक विरासत को मजबूत करने के साथ विधानसभा चुनाव में क्षेत्र से पार्टी को ज्यादा विधायक देने की मशक्कत बढ़ गई है। राजगढ़, गुना और अशोकनगर का कुछ क्षेत्र दिग्विजय सिंह के प्रभाव वाला माना जाता रहा है। वे यहां से सांसद, विधायक रहे हैं। उनके भाई लक्ष्मण सिंह भी इन्हीं क्षेत्रों से सांसद रहे हैं और अब चांचौड़ा से विधायक हैं। दिग्विजय सिंह के पुत्र जयवर्धन सिंह भी इसी क्षेत्र राघौगढ़ से विधायक हैं। इसके बावजूद नगरीय निकाय चुनाव में गुना, राजगढ़ से कांग्रेस का सफाया दिग्विजय सिंह के लिए बड़ी चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। विस चुनाव में दिग्विजय को अपने गढ़ के साथ पारिवारिक सियासी जमीन को भी बचाने की चुनौती होगी। दरअसल पिछले वर्ष हुए नगरीय निकाय के चुनाव परिणाम भी दोनों नेताओं के खिलाफ गए थे।



# मध्य प्रदेश में 64 हजार बूथों और 25 हजार स्थानों पर सुनी गई 'मन की बात'

■ भोपाल, यशभारत।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' का 100वां एपिसोड आज प्रसारित किया गया। भाजपा इस अवसर को एक उत्सव के रूप में मनाया। आज प्रदेश के 64,100 बूथों एवं 25 हजार चिह्नित स्थानों पर मन की बात का प्रसारण सुना गया तथा विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में अन्न सहित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकता वाले विषयों का संयोजन किया गया। प्रत्येक बूथ पर कम से कम 100 लोग उपस्थित रहे। इनमें पार्टी कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ बुद्धिजीवी, खिलाड़ी, कलाकार, समाजसेवी, रचना धर्मी, स्वच्छता कर्मी एवं प्रमुख नागरिक भी भाग लिया।

मन की बात में पीएम से बातचीत करने वाले भी हैं उपस्थित ऐसे लोग भी इन कार्यक्रमों में उपस्थित हैं, जिन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' के विभिन्न एपिसोड के दौरान बातचीत की है। इन्हें सम्मानित भी किया गया। बूथों के अलावा प्रदेश में चिह्नित किए गए 25 हजार स्थानों पर भी ऐसे ही कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रदेश के प्रत्येक जिले में अलग- अलग विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। मुख्यमंत्री भोपाल में, प्रदेश अध्यक्ष उज्जैन में होंगे शामिल क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह भोपाल में गोविंदपुरा विधानसभा के बूथ क्रमांक तीन पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर उज्जैन ग्रामीण एवं प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा उज्जैन के भेरूगढ़ वार्ड के वीर सावरकर सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित रहे। राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय इंदौर, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद श्रीधाम (गोटेगांव) में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते मंडला के बिछिया, वीरेंद्र कुमार खटिक छतरपुर, ज्योतिरादित्य सिंधिया दिल्ली के कालका, प्रहलाद पटेल दमोह में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

# दूरस्थ शिक्षा भी रोजगारपरक और कौशल आधारित हो - राज्यपाल मंगुभाई पटेल


■ भोपाल, यशभारत।

मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) पर दोदिवसीय राष्?ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ शनिवार से हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यपाल मंगुभाई पटेल और उच्च शिक्षा मंत्री डा. मोहन यादव ने किया। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि यह गौरव की बात है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति की शुरुआत मप्र से हुई। इस दो दिवसीय कांफ्रेंस से कोई ना कोई सार्थक बात निकलेगी। प्रत्येक विद्यार्थी का व्यक्तित्व विकास हो। दूरस्थ शिक्षा को विजन और शोध व अनुसंधान पर आधारित होना चाहिए। दूरस्थ शिक्षा को बेहतर बनाया जाए। विद्यार्थी की जरूरत के मुताबिक शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई जाए। दूरस्थ शिक्षा रोजगारपरक भी होना चाहिए। यह शिक्षा कौशल और व्यवसायिक आधारित होना चाहिए। ज्ञान व विज्ञान पर आधारित होना चाहिए। पाठ्यक्रम का संयोजन भी बेहतर होना चाहिए। दो दिन के गोष्ठी से निकले विचारों का मंथन किया जाएगा। सेमीनार के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डा. मोहन यादव ने कहा कि इस वर्ष से रेगुलर विश्वविद्यालय की तरह मुक्त विश्वविद्यालय में सभी पाठ्यक्रमों की पढ़ाई कराई जाएगी। मुक्त विश्वविद्यालय में भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति का पालन किया जाएगा। उन्होंने एकलव्य और कृष्ण की शिक्षा को मुक्त शिक्षा बताया। कार्यक्रम में इग्नू के कुलपति प्रो नागेश्वर राव ने उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में भूमिका निभाई। इसमें कृष्ण कांत हांडिक राज्य मुक्त विश्वविद्यालय, असम के कुलपति प्रो डा. राजेंद्र प्रसाद दास, इग्नू डायरेक्टर डा. संतोष पांडा ने विचार रखे। कांफ्रेंस में आगे दूरस्थ और मुक्त शिक्षा के पाठ्यक्रमों, शैक्षणिक विधियों और मूल्यांकन संबंधी विभिन्न विषयों पर मंथन किया जा रहा है।



### मुक्त शिक्षा को गुणवत्तपूर्ण बनाना होगा

इग्नू के कुलपति प्रो नागेश्वर राव ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालयों ने 19 करोड़ विद्यार्थियों तक पहुंच बना रखी है। छात्र के घर तक शिक्षा पहुंचाने का जो प्रयास है, उसे ये पूरा कर रहे हैं। प्रदेश के 50 प्रतिशत से ज्यादा विद्यार्थी ग्रामीण क्षेत्रों से है। इसमें 50 प्रतिशत छात्राएं अध्ययरत हैं। दूरस्थ एवं मुक्त शिक्षा के लिए यूजीसी ने 2020 में जो नए नियम बनाए हैं, उसमें यह कहा है कि चाहे परपंरागत विश्वविद्यालय हो या मुक्त सभी की डिग्री एक समान मानी जाएगी। दूरस्थ शिक्षा के संस्थानों का भी अब नैक का एक्रीडेशन किया जाएगा। अभी तक के आंकड़ों में जो प्रतिमान या मापदंड बना रखे हैं, उसमें इग्नू को ए प्लस प्लस, भीमराव आंबेडकर को भी ए प्लस प्लस मिला है। गुणवत्ता के मापदंड पूरा कर रहे हैं।



## शिक्षक पात्रता परीक्षा के कारण बीयू ने बीएड व एमएड की परीक्षाएं की स्थागित

■ भोपाल, ईएमएस।

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू)को बीएड व एमएड चतुर्थ समेस्टर की परीक्षा स्थगित करनी पड़ी है।विवि ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दिया है। जहां बीएड व एमएड चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा छह मई से शुरू होने वाली थी।दोनों परीक्षाएं अगले आदेश के लिए स्थगित हैं।साथ ही एमएड के चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं नौ मई से होने वाली परीक्षा को भी स्थगित किया गया है।इसमें करीब 11 हजार विद्यार्थी शामिल होने वाले थे।दरअसल, इन परीक्षाओं की विद्यार्थियों की मांग पर स्थगित किया गया है। दो मई से माध्यमिक और प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की जा रही है।ये परीक्षाएं 20 मई तक आयोजित होंगे।इस परीक्षा में कई परीक्षार्थी ऐसे हैं जो बीएड और एमएड की परीक्षा में भी शामिल होंगे।कुछ परीक्षार्थियों ने दोनों परीक्षाएं स्थगित करने की मांग की थी। कुछ परीक्षार्थियों ने 19 अप्रैल 2023 को बीयू प्रशासन से यह दोनों परीक्षाएं स्थगित करने की मांग की थी।

# अमरनाथ यात्रा के लिए पिछले वर्ष की तुलना में 50 प्रतिशत से भी कम हो रहे पंजीयन

■ भोपाल, यशभारत।



अमरनाथ की पवित्र यात्रा इस वर्ष एक जुलाई से शुरू हो रही है। इसके लिए बैंकों के जरिए पंजीयन प्रक्रिया चल रही है। 17 अप्रैल से भोपाल के तीन बैंको में अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीयन किए जा रहे हैं, लेकिन पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष पंजीयन कराने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में कमी आई है। इसके पीछे बायोमेट्रिक व्यवस्था बनी हुई है। अधिक समय लगने से लोग पंजीयन कराने में रुचि नहीं ले रहे हैं। इसे लिए श्रद्धालुओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है, जिसमें कहा गया है कि बाबा बर्फानी की यात्रा की पंजीयन प्रक्रिया सरल बनाई जाए। इससे पंजीयन करने में अधिक समय नहीं लगे। 12 दिनो में सिर्फ भोपाल से आन लाइन व आफलाइन ढाई हजार श्रद्धालुओं ने अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीयन कराए हैं। बैंकों के जरिए आफलाइन व आफलाइन अब तक 2500 यात्रियों ने ही पंजीयन कराए हैं। हर वर्ष इतने दिनों में पांच हजार यात्री पंजीयन करा लेते थे। ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि पंजीयन प्रक्रिया और सरल करने की जरूरत है, जिससे अधिक संख्या में यात्रियों के पंजीयन हो सकें। अमरनाथ यात्रा के लिए श्राइन बोर्ड ने भोपाल के चार डाक्टरों को फिटनेस प्रमाण बनाने के लिए नियुक्त किया है, लेकिन जानकारी के अनुसार श्रद्धालुओं का फिटनेस प्रमाण पत्र सिर्फ दो ही डाक्टर बना रहे हैं। इसलिए भी पंजीयन कम हो रहे हैं। अमरनाथ यात्रा से जुड़े हुए कई धार्मिक संगठनो ने डाक्टर बढ़ाने के लिए श्राइन बोर्ड को पत्र लिखा है।आनलाइन पंजीयन पर अमरनाथ यात्रा के लिए पहलगाम तरफ से जाने के लिए सात जुलाई तक श्रद्धालुओ के संख्या पूरी हो गई है। अब सात जुलाई के बाद के दर्शन पंजीयन हो रहे हैं, जबकि बैंकों चार जुलाई के बाद के पंजीयन मिल रहे हैं।

## मध्य प्रदेश भाजपा में सांगठनिक फेरबदल, लोकेंद्र पाराशर बनाए गए प्रदेश मंत्री, ललिता यादव प्रदेश उपाध्यक्ष

**भोपाल यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश मीडिया प्रभारी लोकेंद्र पाराशर को हटाकर आशीष अग्रवाल को नया प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। पाराशर को संगठन में प्रदेश मंत्री पद की नई जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी के प्रदेश महामंत्री भगवान दास सबनानी ने शनिवार को संगठन में फेरबदल का यह आदेश जारी किया। अग्रवाल के पास अब तक पार्टी प्रवक्ता की जिम्मेदारी थी। पाराशर भाजपा के तीन प्रदेशाध्यक्षों के मीडिया प्रभारी रहे हैं। स्व नंदकुमार सिंह चौहान की टीम में पाराशर को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसके बाद प्रदेशाध्यक्ष राकेश सिंह के कार्यकाल में भी वे यथावत रहे। विष्णु दत्त शर्मा की टीम में भी वह तीन साल से मीडिया का काम देख रहे हैं। बतौर प्रदेश मीडिया प्रभारी पाराशर का कार्यकाल सात वर्षों का रहा। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले पार्टी द्वारा किए गए बदलाव का कारण पाराशर को टिकट की दौड़ में माना जा रहा है।वे भितरवार विधानसभा क्षेत्र से टिकट की दौड़ में हैं। इधर, नए प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल का गृहक्षेत्र भी ग्वालियर है। पाराशर के बाद ग्वालियर से मीडिया प्रभारी बनाए गए अग्रवाल तीसरे नेता हैं। इससे पहले प्रभात झा भी ग्वालियर से ही इस पद पर लाए गए थे। उधर, पिछड़ा वर्ग से खाली हुआ पद सतना महापौर योगेश ताम्रकार की जगह पूर्व मंत्री ललिता यादव को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। ताम्रकार ने महापौर पद की व्यस्तता का हवाला देकर प्रदेश उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। यादव वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में बड़ा मलहरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी थीं, लेकिन चुनाव हार गई थीं। अब इस सीट से कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए प्रद्युम्न सिंह लोधी विधायक हैं।



## मध्य प्रदेश मेडिकल काउंसिल के रिकार्ड में 55 हजार डाक्टर, सत्यापन में मिले 24 हजार

**भोपाल यशभारत।** मध्य प्रदेश मेडिकल काउंसिल के रिकार्ड में भले ही 55 हजार डाक्टर हैं, लेकिन आनलाइन सत्यापन में सिर्फ 24 हजार ही मिले हैं। अब केवाइसी कराने के लिए इन डाक्टरों से निर्धारित साफ्टवेयर में उनका लाइव फोटो भेजने के लिए कहा जा रहा है, लेकिन अभी तक सिर्फ चार सौ डाक्टरों ने ही केवाइसी कराया है। पहले चरण में चार हजार डाक्टरों को केवाइसी कराने के लिए चिह्नित किया गया है। इन्हें बार-बार फोन किया जा रहा है, लेकिन वह बच रहे हैं। बता दें कि कई चिकित्सकों की मृत्यु हो चुकी है, इसके बाद भी उनका पंजीयन मध्य प्रदेश मेडिकल काउंसिल में जीवित है। ऐसे में ई केवाइसी से डाक्टरों की सही संख्या सामने आएगी। इनमें सरकारी और निजी दोनों डाक्टर शामिल हैं। वर्ष 2021 में शुरू हुई सत्यापन की प्रक्रिया में डाक्टरों को एमपी आनलाइन के माध्यम से अपना पंजीयन नंबर, मोबाइल नंबर और शैक्षणिक योग्यता की जानकारी दर्ज करनी थी।



# 12 वीं की छात्रा को पिक्कर पब से अगवा कर दुष्कर्म

■ भोपाल, यशभारत।

एमपीनगर के डीबी माल में स्थित बार से 12 वीं की छात्रा को अगवा कर दुष्कर्म कर मामला सामने आया है। आरोपित छात्रा को कार से अगवा कर अपने साथ गांधीनगर ले गया है। घटना के बाद छात्रा इतनी डर गई कि उसने इसके बारे में किसी को कुछ नहीं बताया। जब छात्रा के स्वजनों ने उसकी बिगड़ती हालत देखी तो छात्रा से पूछताछ के बाद मामला खुला और पीडिता के स्वजनों ने थाने आकर मामले में शनिवार को एफआइआर दर्ज कराई है। आरोपित को पुलिस रविवार दोपहर में कोर्ट में पेश करेगी। फिलहाल छात्रा की काउंसलिंग की जा रही है। एमपीनगर थाने की एसआइ श्वेता शर्मा के मुताबिक 17 वर्षीय किशोरी अपने दोस्तों के साथ पिक्कर बार में पार्टी करने पहुंची थी, जहां आरोपित राहुल मीणा भी आया था। जहां पार्टी के दौरान सभी मौजमस्ती कर रही है। तभी राहुल पीडिता को घूमाने का झांसा देकर अगवा कर कार से ले गया। आरोपित ने छात्रा को कार से अगवा शहर के बीच में होकर अपने गांधीनगर के घर लेकर पहुंचा। जहां पर आरोपित ने छात्रा को डरा धमकाकर दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपित और छात्रा के बीच में विवाद भी हुआ। बाद में आरोपित छात्रा के उसे एमपीनगर में छोड़कर भाग गया था। बाद में छात्रा घटना के बाद किसी तरह से अपने घर पर पहुंची। जहां पर उसने 12 दिनों तक किसी को घटना नहीं बताई। जब उसकी हालत देखकर पीडिता के स्वजनों को शंका हुई तो उससे पूछताछ हुई। बाद में छात्रा ने अपने स्वजनों को पूरा घटनाक्रम बताया।

## मकान की गेलरी में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल, ईएमएस।** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित अहीर मोहल्ला चर्च रोड पर रहने वाले एक व्यक्ति ने शनिवार सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी लाश परिजन ने गेलरी में छत की रेलिंग पर रस्सी के फंदे पर लटकी देखी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है। सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या की वहज साफ नहीं हो सकी है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि उनका मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था। परिजन उनका डॉ. टंडन के पास इलाज भी करा रहे थे। एएसआई रामसजीवन वर्मा ने बताया कि नंद किशोर उर्फ लाला यादव (49) चर्च रोड मकान नंबर 43, अहीर मोहल्ला जहांगीराबाद में रहते थे। वे घर पर ही रहते थे। पूर्व में एक न्यूज पेपर में नौकरी करते थे।



## शहीद भवन में तीन दिवसीय नाट्य समारोह में नाटक 'बिन पते की चिट्ठी' का मंचन

**भोपाल, ईएमएस।** शहीद भवन में तीन दिवसीय नाट्य समारोह के तहत शनिवार को नाटक 'बिन पते की चिट्ठी' का मंचन किया गया। अखिलेश वर्मा द्वारा लिखित इस नाटक का निर्देशन तानाजी ने किया। नाटक की कहानी मूल रूप से ऐसे लोगों के जीवन को दर्शाती है जो किन्ही कारणों से अपने घर से दूर जीवन बसर कर रहें है। कुछ घरों में रह रहे हैं और कुछ सड़कों पर, सबको कुछ ना कुछ चाहिए जिसके लिए वो यहां आए हैं, लेकिन इच्छाएं कहां पूरी होती है, इच्छाओं को पूरा करते-करते कब आदमी आधा हो जाता है, और उसका जीवन पूरा पता ही नहीं चलता दो सड़क भीख मांगने वालों की स्थिति और उनकी दृष्टि से दुनियां को भेजी गई चिट्ठी है।

## अधिकारियों की अधूरी प्लानिंग

# पाइप लाइन बिछाने खोद डाली सड़कें

■ भोपाल, यशभारत।

हर घर जल पहुंचाने के लिए संभाग के 61 गांवों में हलाली समूह जलप्रदाय योजना के तहत पाइप लाइन बिछाई जाना है। इसका काम जल विकास निगम भोपाल और रायसेन द्वारा शुरू कर दिया गया है, लेकिन अधिकारियों की अधूरी प्लानिंग के कारण यह काम लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। दरअसल मुख्य सड़कों से लेकर गांव के अंदर तक की सड़कें खोद डाली है और अब उनको फिर से नहीं बनाया गया है। इस वजह से हाल ही में हुई वर्षा के कारण लोगों को अपने घर तक पहुंचने के लिए बड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। सबसे हैरान कर देने वाली बात यह है कि इस कार्य के बारे में आला अधिकारियों तक को पता नहीं है।बता दें कि 4 मार्च को स्वास्थ्य मंत्री डा. प्रभुराम चौधरी ने इस योजना का भूमिपूजन बहेड़ा गांव से किया था। जिले की नगर निगम सीमा से लगे ग्राम जगदीशपुर सहित आसपास के लगभग 10 हजार रहवासियों को अपने घर तक पहुंचने के लिए कीचड़ से होकर जाना पड़ रहा है। वह मुख्य मार्ग से जैसे-तैसे अपने दो पहिया वाहन ले जाते हैं, लेकिन आगे रास्ता खत्म होने से उन्हें वाहन छोड़कर ही अपने घर तक जाना पड़ता है।दरअसल पाइप लाइन बिछाने सड़कों को खोदा गया और फिर बनाने की बजाए मिट्टी से पाट दिया गया है।हाल ही में हुई वर्षा ने बड़ी समस्या खड़ी कर दी है। पाइप लाइन बिछाने के लिए जल विकास निगम द्वारा इसी तरह काम कराया गया तो भोपाल के 36 गांव के रहवासी परेशान हो जाएंगे। भोपाल के फंदा ब्लाक के आचारपुरा, अमोनी, अरखेड़ी, अरवलिया, आलमपुर, बरखेड़ी अब्दुल्ला, छाछेड़, डोब, डोबरा, फतेहपुर, गनियारी, गरमुर्रा, गासीपुरा, घाटखेड़ी, इमलिया, ईटखड़ी सड़क, जगदीशपुर , कल्याणपुरा, मुंगालिया कोट, परेवाखेड़ा, परवालिया सेनी, पिपलिया जागीर, प्रेमपुरा, पुरामन भवन , रासलाखेड़ी, रुसाली चूना नगर, समरधा, सेमरा सैयद, सेवनिया ओमकारा, श्यामपुर, सूखी सेवनिया, देवलखेड़ी एवं खामखेड़ा में पाइप लाइन बिछाने सड़कों की खोदाई की जाना है।



### फैक्ट फाइल

योजना का नाम - हलाली समूह जलप्रदाय योजना
मंजूर हुई राशि - 98 करोड़ 72 लाख
चिह्नित गांव - 61
कितनी टंकियां बनेंगी - 20
फिल्टर प्लांट - 7.75 एमएलडी का कनेगा

# आंगनवाड़ी केंद्र खंडहर में तब्दील

# रजिस्टर में मिल रहा बच्चों को खाना एवं शिक्षा

**शहपुरा (भिटौनी), यशभारत। शहपुरा बाल विकास परियोजना तहसील के अंतर्गत आने वाले आंगनबाड़ी केंद्रों बम्हनोदा में आंगनवाड़ी केंद्रों में सिर्फ कागजों में मिल रही बच्चों को शिक्षा, एवं खाना यह आंगनवाड़ी ना कभी समय से खुलती है ना यहां पर बच्चे पहुंचते हैं क्योंकि बच्चों को पढ़ाने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की दिलचस्पी दिखती है नहीं यहां पर बच्चों को खाना तो दूर की बात पानी भी नसीब नहीं होता है। यही वजह है कि यहां पर ग्राम के लोग बच्चों को नहीं भेज रहे हैं।**



आंगनबाड़ी में बच्चों की उपस्थिति रजिस्टर देखा गया तो बच्चों के नाम फरवरी एवं मार्च में उपस्थित पाए गये वह भी 20 से 30 बच्चों की उपस्थिति दिखी फरवरी से मार्च अप्रैल की डेट नहीं डाली गई लगता है कि माह में एक ही दिन उपस्थितथे दर्ज की जाती है बच्चों की। जी हां मैं बता दूं कि यह आंगनवाड़ी केंद्र में ना बच्चों को खाना मिल रहा है ना खिलौने के लिए खेलने जब यश भारत की टीम इस आंगनवाड़ी में पहुंची तो आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुमन केवट मोबाइल पर बात करते हुए बाहर खड़ी हुई थी उनसे पूछा गया कि इस आंगनवाड़ी लगने का समय क्या है तो उन्होंने बताया कि 8:00 से मगर 11:00 बजे तक मात्र तीन ही बच्चे आंगनवाड़ी पहुंचे वह भी बाहर बैठे हुए थे और मैडम मोबाइल पर लगी हुई थी। जब उनसे पूछा गया कि आंगनबाड़ी में बच्चों को खाने के लिए क्या बनाया गया तो उन्होंने बताया कि आज कुछ नहीं बनाया गया। आंगनबाड़ी केंद्र लग रहा किचन सेट में ग्राम के बृजेश पटेल का कहना है कि ग्राम में 3 साल पहले बना आंगनवाड़ी केंद्र खंडहर में तब्दील हो गया। ग्राम में आंगनवाड़ी केंद्र तो 5 साल पहले ही बन चुका है मगर आज भी उसका रखरखाव एवं छपाई ना होने के कारण खंडहर में तब्दील हो रहा है शासन द्वारा लाखों की लागत से बनाया गया आंगनवाड़ी केंद्र आज तक उद्घाटन नहीं हो सका और खंडहर में तब्दील होता नजर आ रहा है जिसका आज तक अधूरा पड़ा काम पूरा नहीं हो सका और दूसरी ओर नन्हे-मुन्ने बच्चों का भी भविष्य अंधकार में जाता नजर आ रहा है।वहीं ग्राम के लोगों का कहना है कि ग्राम में बनी है आंगनबाड़ी का अधूरा काम तुरंत पूरा किया जाए एवं लापरवाही करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

# युवा नीति के लाभ के बारे में विस्तार से बताए युवा मोर्चा - हितानंद शर्मा




**नरसिंहपुर यभाप्र।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा विगत दिवस जिला प्रवास पर सालीचौका पहुंचे, इस अवसर पर उन्होंने सालीचौका के वार्ड क्रमांक 6 में युवा मोर्चा की युवा चौपाल में शामिल हुए, युवा चौपाल के कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रियांक जैन ने कहा कि युवा मोर्चा युवा नीति के कार्यों को युवाओं तक पहुंचाने का काम कर रही है, जिसमे सभी कार्यकर्ता वार्ड और पंचायत तक पहुंच रहे हैं, इसके बाद प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने युवाओं के हित में युवा नीति 2023 को बनाया है, इस युवा नीति के माध्यम से युवाओं मे कौशल विकास और रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे इसलिए आप सभी युवा मोर्चा के कार्यकर्ता हर युवा तक पहुंचकर इस नीति से होने वाले लाभों को बताए, उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार विकास में विश्वास रखती है, ये युवा नीति युवाओं को सशक्त और मजबूत बनाने का काम करेगी, जिससे कि युवाओं को भविष्य को एक नई दिशा मिलेगी और साथ ही साथ देश प्रगति की ओर अग्रसर होगा।उक्ताशय की जानकारी देते हुए युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी प्रखर दुबे ने बताया कि युवा चौपाल का संचालन युवा मोर्चा के जिला मंत्री अनुराग कौरव व आभार युवा मोर्चा के सालीचौका के मंडल अध्यक्ष शिवम राय ने किया, इस अवसर पूर्व विधायक गोविंद सिंह पटेल, साधना स्थापक,भाजपा के जिला महामंत्री डा हरगोविंद पटेल, नंदकिशोर ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष हरिप्रताप ममार, जिला मंत्री शिवा त्रिवेदी,जयशंकर वर्मा,किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहरकांत गुर्जर, जिला पंचायत सदस्य डॉ. योगेश कौरव, दीपक ठाकुर, जितेंद्र राय, नरेंद्र कौरव, कामता प्रसाद एवं युवा मोर्चा जिला महामंत्री दिनेश गुर्जर, प्रणव पाराशर, मनोज ठाकुर सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नही रहे युवा नेता मोनू पटैल



**नरसिंहपुर यभाप्र।** केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल के भतीजे और नरसिंहपुर विधायक जालम सिंह पटैल के बेटे युवा नेता मणिनागेन्द्र सिंह पटैल (मोनू पटैल) का अल्प आयु में हृदयगति रूक जाने से निधन हो गया। शव यात्रा उनके पैतृक निवास गोटेगांव से स्थानीय मुक्तिधाम में सुबह 11 बजे किया जायेगा। मोनू के निधन की खबर सुनते ही उनके समर्थक, रिश्तेदारों का गोटेगांव स्थित निवास पर जमाबड़ा है।

## प्रधानमंत्री की मन की बात का 100 वां एपिसोड का प्रसारण



**नरसिंहपुर यभाप्र।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित समाज कार्य में स्नातक बीएसडब्ल्यू एवं स्नातकोत्तर एमएसडब्ल्यू पाठ्यक्रम की कक्षा पीजी कॉलेज नरसिंहपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के 100 वाँ एपिसोड का प्रसारण छात्र-छात्राओं के बीच कराया गया, जिसमें परिषद के जिला समन्वयक जयनारायण शर्मा पाठ्यक्रम के परामर्शदातागण तथा छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मन की बात के विभिन्न विषयों पर प्रतिक्रिया देते हुए छात्रों ने हर्ष व्यक्त किया तथा बताया कि प्रधानमंत्री के मन की बात के जो विषय है। हम छात्रों के लिए प्रेरणादायक है तथा समाजहित, राष्ट्रहित के लिए करणी कार्य है, उनसे प्रेरणा लेकर हम सब समाज जीवन में नूतन क्षमता एवं उत्साह के साथ कार्य कर रहे हैं।

## भक्ति-शक्ति के साथ किया जायेगा नरसिंह महोत्सव का आयोजन



**नरसिंहपुर यभाप्र।** भक्ति शक्ति और उत्साह के साथ नरसिंह महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। नरसिंह जयंती पर आयोजित होने कार्यक्रमों में अनेक संगठनों की भागीदारी रहेगी। साथ ही तलघरा का प्रवेश द्वार इस दिन विशेष रूप से खुला रहेगा। जाट युवा मोर्चा ने बताया कि 4 मई को नरसिह जयंती पर विविध कार्यक्रम होंगे। इसे लेकर तैयारियां अंतिम दौर में हैं। कार्यक्रमों के तहत प्रात: सुबह 5 बजे से रामधुन, 8 बजे अभिषेक भजन-कीर्तन और शाम 4. 30 बजे से नरसिंह मंदिर से शोभायात्रा निकलेगी। यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए नरसिह मंदिर में आकर सम्पन्न होगी। शाम 6. 50 बजे महाआरतीए भगवान नरसिंह का जन्मोत्सव पर आतिशबाजी एवं प्रसाद का वितरण होगा एवं रात्रि 8 बजे से प्रदेश की प्रसिद्ध गायिका संजू बघेल अपनी प्रस्तुति देंगीं। नरसिह जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों में सभी से सहभागिता देने की अपील जाट युवा मोर्चा, जाट महिला सभाए श्री देव नरसिह मंदिर ट्रस्ट्र, श्री मित्र गणेश मंडल, श्री वानर सेना, श्री नरसिह काली मंडल, श्री मनोकामनेश्वर मंदिर, नरसिह साहित्य परिषद , रोटरी क्लब, प्रेस क्लब आदि ने की है एवं नरसिंह जयंती पर घरों- घर लाईटिंग करने एवं रांगोली बनाने घरों के सामने दीपक रखने की अपेक्षा की गई है।

## मन की बात कार्यक्रम ने भारतीय समाज को दी नई दिशा-हितानंद

नरसिंहपुर यभाप्र। प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम के 100 वें एपिसोड का लाइव प्रसारण श्रवण करने जिला नरसिंहपुर की गाडरवारा विधानसभा के सालीचौका के वार्ड क्रमांक-02 में प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा पहुंचे। ज्ञात हो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हर माह के अंतिम रविवार को मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से समाज में नवाचार करने वाले भारतीयों को प्रोत्साहित करने का कार्य किया जाता है। मन की बात कार्यक्रम के श्रवण के बाद प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा द्वारा संबोधित करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से उन लोगो को समाज में नई पहचान दी है,जिनके अच्छे कार्य समाज से छुपे रहते थे, जो लोग अखबार में नही छपा करते थे उनको लोगो के दिलो में छापने का कार्य मन की बात के माध्यम से प्रधामंत्री जी ने किया है। प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम ने समाज के एक एक व्यक्ति को छूने का काम किया है आज कार्यक्रम का 100 वा एपिसोड पूर्ण हुआ है मन की बात कार्यक्रम के एक एक एपिसोड से आपको कुछ ना कुछ नया सीखने को मिलेगा, मौके पर पूर्व विधायक गोविंद सिंह पटेल,श्रीमती साधना स्थापक, हरगोविंद पटेल, नंदकिशोर ठाकुर, हरिप्रताप ममार, प्रियांक जैन, मोहरकांत गुर्जर सहित सभी कार्यकर्ता, व आम नागरिक उपस्थित रहे।

# मौसम की प्रतिकूलता के चलते मूंग की फसल नहीं कर पा रही ग्रोथ



नरसिंहपुर/तेंदूखेड़ा यभाप्र। इन दिनों बिगड़े मौसम के मिजाज के कारण गर्मी की मौसम वाली मूंग फसल पूरी तरह से ग्रोथ नहीं कर पा रही है। स्थिति यह बनी हुई है कि पौधा एक दम छोटा सा है और इक्का- दुक्का फल्ली लगी हुई है। इस फसल को पानी के साथ हाई टेंप्रेचर की जरूरत पड़ती है लेकिन सही तरीके से धूप तक नहीं निकल पा रही है। वातावरण ढका ढका सा बना हुआ है, एवं शाम के शाम प्रतिदिन हो रही इारिस से आर्द्रता बनी हुई है। फसल में कीट व्याधी बनी हुई है। कीटनाशक दवाओं का कोई असर नहीं हो पा रहा है। दवा डलने के बाद बारिस हो जाने के कारण कृषकों की राशि पानी में बह रही है। कृषकों का कहना है कि इससे निश्चित तौर पर उत्पादन बढ़ा प्रभाव पड़ेगा। हर साल अभी तक मूंग की फसल घुटने तक लंबाई की हो जाया करती थी लेकिन इस बार अभी तक मात्र एक फुट की भी नहीं हुई है। तेंदूखेड़ा क्षेत्र में सर्वाधिक मूंग की फसल लगाई गई है। कृषकों को अच्छी उपज आने की उम्मीद लगाई गई थी लेकिन आशाओं पर पानी फिर गया है। फसल को यहीं एक मौसम ग्रोथ का हुआ करता है लेकिन मौसम ने विपरीत प्रभाव दिखा दिया है।

### शाम होते ही बरसात चालू

इन दिनों मौसम के बिगड़े मिजाज के चलते जहां भीषण गर्मी लू के थपेड़े और गर्म हवाओं के चलते आम जन जीवन काफी प्रभावित बना रहता था। लेकिन इस बार पिछले एक सप्ताह से आषाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। शाम होते ही तेज हवाओं के साथ वारिस के कारण ठंडक बनी हुई है।

# जिला जाट समाज की बैठक हुई आयोजित



**नरसिंहपुर यभाप्र।** स्वतंत्रता संग्राम देश की आजादी की लड़ाई में योगदान से लेकर देश के विकास में जाट समाज ने हमेशा रचनात्मक भूमिका निभाई है। सेना और खेलकूंद गतिविधियों में हमारे समाज के लोग हमेशा आगे रहते हैं। उक्त बात शिवांगन गार्डन में जिला जाट समाज की बैठक में भोपाल जिला जाट समाज के पूर्व अध्यक्ष हरिनारायण जाट ने कही। हरिनारायण जाट ने बताया कि भोपाल में 14 मई को जाट महाकुंभ होगा। इस महाकुंभ में मप्र भर के स्वजातीय बंधु आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता देंगे। इस मौके पर महाकुंभ आयोजन समिति के सदस्य भोपाल से पधारे राजेन्द्र आर्य ने महाकुंभ करने की आवश्यकता और उसके उद्देश्य पर प्रकाश डाला। जिला जाट समाज नरसिंहपुर के अश्विनी धौरेलिया ने महाकुंभ को सफल बनाने के लिए अनेक सुझाव देते हुए कहा कि नरसिंहपुर जिले से भी बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु महाकुंभ में भाग लेंगे और महाकुंभ को सफल बनाने के लिए अपनी भूमिका का निर्वाहन करेंगे। जिला महिला जाट सभा की अध्यक्ष श्रीमति मिथलेश जाट ने कहा कि निश्चित तौर पर जिले प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर इस प्रकार के सम्मेलन आयोजित होते रहना चाहिए। अमितेन्द्र नारोलिया एवं जिला जाट युवा मोर्चा के अध्यक्ष अल्केश बम्हरोलिया ने बताया कि नरसिंहपुर जिले के जाट समाज के लोग हमेशा हर सकारात्मक और रचनात्मक कार्य के साथ रहते हैं। बैठक में नीलेश जाट ने महाकुंभ का समर्थन करने हुए 4 मई को नरसिंह जयंती और 23,24 एवं 25 मई को नरसिंह मंदिर में भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित समारोह के संबंध में जानकारी देते हुए सहयोग की अपील की। बैठक का संचालन करते हुए जिला जाट समाज के सचिव लाल साहब जाट ने बैठक के उद्देश्य और महाकुंभ में सभी से भाग लेने की अपील की। आभार प्रदर्शन करते हुए श्रीमति उजाला नारोलिया ने आश्वासन दिया कि महिलाएं भी बड़ी संख्या में 14 मई को भोपाल पहुंचकर महाकुंभ में भाग लेंगी।

# ओलावृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का कृषि अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**पाटन, यशभारत। पाटन और आसपास के क्षेत्रों में शनिवार शाम तेज बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को भारी क्षति पहुंची जिला प्रशासन के निर्देश पर कृषि अधिकारियों ने आज ग्राम गुबरा कला गुबरा खुर्द बमोरी जमखार सालीवाड़ा बेलखेड़ा आदि क्षेत्रों में खेतो का निरीक्षण कर फसल की स्थिति का आंकलन किया।**

को बता दे कि मूंग उरद की फसल परिपक्क अवस्था मे थी जिसमे ओलावृष्टि के कारण भारी क्षति हुई है बही निरीक्षण के दौरान कृषि अधिकारियों ने किसानों को खेत मे भरे पानी की निकासी कर 19 19 19 उर्वरक के छिड़काव की सलाह प्रदान की इस दौरान उप संचालक कृषि रवि आम्रवंशी आत्मा संचालन डॉ एस के निगम अनुविभागीय अधिकारी कृषि इंद्रा त्रिपाठी के साथ राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार और क्षेत्रीय पटवारी और कृषक उपस्थित रहे जिन्होंने खराब हुई फसलों से कृषि अधिकारियों को अवगत कराया।

## सिहोरा आंदोलन समिति का 83 वाँ धरना

**सिहोरा, यशभारत।** सिहोरा को जिला बनाना हमारी प्रमुखता है,हमारी पार्टी ने सिहोरा को 20 वर्ष पूर्व ही जिला बना दिया है।सिहोरा वासियों को हम वचन देते है कि हम सत्ता में आते ही सिहोरा को उसका खोया सम्मान वापस दिलाते हुए जिला बनाएंगे।लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति द्वारा राजनैतिक पार्टियों से सिहोरा जिला के विषय मे अपना पक्ष रखने के आह्वान के बाद प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने सबसे पहले ये घोषणा की है।यह घोषणा कांग्रेस के जबलपुर जिला प्रभारी सुनील जैन ने सिहोरा आकर की।

### जिला बनाने का मुद्दा कांग्रेस के घोषणा पत्र में शामिल

आंदोलन समिति ने कांग्रेस के जिला प्रभारी के इस वक्तव्य का स्वागत किया है। विदित हो कि लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने इससे पूर्व समस्त राजनीतिक दलों से अपना पक्ष स्पष्ट करने की बात की थी। आम आदमी पार्टी के संतोष वर्मा ने भी ?100 के स्टांप में अपनी पार्टी का पक्ष समिति को सौंपा है जिसमें उन्होंने आम आदमी पार्टी की ओर से आश्वस्त किया है कि उनकी सरकार आने पर वह सिहोरा को जिला अवश्य बनाएंगे आंदोलन समिति के आह्वान के बाद कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने जहां अपना पक्ष जिला के विषय में सार्वजनिक रूप से स्पष्ट कर दिया है वहीं सत्तारूढ़ भाजपा ने अपनी चुप्पी साध रखी है। 83 वें धरने में अनेक लोग शामिल हुए।

# उपसरपंच और पंच को भी चाहिए अधिकार

**कुंडम, यशभारत।** जनशक्ति उपसरपंच पंच कल्याण महासंघ के बैनर तले कुंडम ब्लॉक अध्यक्ष प्रणव सोनी ने अपनी बात रखते हुए कहा महासंघ के माध्यम से उप सरपंच एवं पंचों को पंचायत राज में अधिकार एवं पंचायत राज में संशोधन जैसे सील साइन का पावर एवं पंचों को भी एक निश्चित राशि अपने क्षेत्र में विकास के लिए आवंटित होना चाहिए जिस प्रकार सरपंच और सचिव की सील साइन दस्तावेज पर लगती है वैसे ही उपसरपंचों का भी सील साइन लगना चाहिए उप सरपंच एवं पंचों को भी मानदेय मिलना चाहिए मांग पूरी ना होने पर सरकार से हमारी लड़ाई जारी रहेगी धरना प्रदर्शन व भूख हड़ताल भी करेंगे जो भी पार्टी पंच व उपसरपंच की मांग सुनेगा उसी का उपसरपंच एवं पंच महासंघ पूर्ण सपोर्ट करेगा क्योंकि मध्यप्रदेश में 23012 पंचायत हैं जिसके उपसरपंच एवं पंचों की संख्या लगभग 4:30 लाख लोगों को चुनाव में अपनी बात समझाने की क्षमता रखती है बैठक में सभी प्रदेश व जिले के पदाधिकारियों मैं संगठन पर प्रकाश डाला जिस प्रकार सरपंचों को ?4200 दिया जा रहा है उसी प्रकार उप सरपंचों एवं पंचों को भी मानदेय दिया जाए क्योंकि अन्य जनप्रतिनिधियों की तरह पंच भी चुनाव लड़ कर आते हैं और वह भी पंचायत की कड़ी के माध्यम से ही पंच चुने गए हैं कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष संतोष राहंगडाले जिला अध्यक्ष सुजीत पटेल कुंडम ब्लॉक अध्यक्ष प्रणव सोनी महगवां पंचायत के उप सरपंच सुशील बड़गईया और भी आसपास के कुंडम ब्लॉक की पंचायतों के उपसरपंच पंच सहित बड़ी संख्या में लोग सम्मिलित हुए।

# कुंडम रेंज ऑफिस के समीप जानकीबाई बंशकार का आशियाना जमींदोज कराया




**कुंडम यशभारत।** कुंडम तहसील के अंतर्गत रेंज ऑफिस के बाजू में लगभग 6 एंकड जमीन मेन रोड जबलपुर अमरकंटक 45 नंबर हाईवे 30 वर्षो से जानकीबाई बंशकार का परिवार रह रहा था जिसे नायब तहसीलदार गोरेलाल मरावी एवं आरआई रवि सिंह नोने लाल साहू के नाम पर फर्जी दस्तावेजों के जरिए जानकीबाई बंशकार का मकान जेसीबी मशीन के माध्यम से जमींदोज करा दिया एवं नोने लाल साहू को दे दिया गया जबकि उक्त भूमि का मामला 30 वर्षो से तहसीलदार कुंडम के यहां चल रहा था तहसीलदार कुंडम का ट्रांसफर होते ही नायब तहसीलदार गोरेलाल मरावी ने मोटी रकम लेकर उक्त भूमि पटवारी हल्का नंबर 38 रेंज ऑफिस के बाजू में बने मकान आनन-फानन में जमींदोज करा कर मुरम डलवा दिया गया और प्लाटिंग करा दी गई जिसमें कुंडम में चर्चा का विषय बना हुआ है ग्राम वासियों का कहना है जबलपुर का कोई जैन पैसे की दम नायब तहसीलदार आरआई पटवारी की मिलीभगत से जानकीबाई बंशकार का मकान जमींदोज करके प्लाटिंग करा दिया गया जबकि भूमि स्वयं का कहना है कि हमने यह जमीन बेच दी है मगर नाम पर आज भी उन्होंने नोनी लाल साहू का है और वहां कबजा जबलपुर का कोई जैन कर रहा है अच्छी खासी रकम लेकर नायब तहसीलदार आरआई पटवारी ने गरीब जानकीबाई बंशकार का मकान जेसीबी मशीन से गिरा कर प्लाटिंग करा दिया गया जानकीबाई बंशकार ने कलेक्टर जबलपुर से उक्त प्लाट की जांच करवा कर दूसरी पर कठोर कार्यवाही करने की मांग की है इनका कहना है वर्तमान में भूमि स्व, नोने लाल साहू के नाम पर उक्त जमीन दर्ज है लेकिन नोने लाल साहू का कहना है कि मैंने जमीन को 1200000 रुपए लेकर जबलपुर निवासी जैन को बेच दी है लेकिन अभी रजिस्ट्री नहीं हुई है और जहां जमीन बेची है अभी रकम नहीं मिली नोने लाल साहू भूमि स्वामी रेंज ऑफिस के सामने कुंडम जिला जबलपुर।



# यात्री प्रतीक्षालय और रंगमंच के विस्तार से हल हुई ग्रामीणों की समस्या

**बरेला, यशभारत।** समीपी ग्राम पंचायत राजाराम डुगरिया में कई महत्वपूर्ण कार्यों के लंबे समय से हटके होने के कारण ग्रामीणों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था ग्रामीणों ने बताया कि उक्त रंगमंच में सभी सार्वजनिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है पर अधूरे पड़े होने के कारण ग्रामीणों को समस्याएं हो रही थी इस बीच ग्राम डूंगरिया के युवा सरपंच अंशुल सोनकर के प्रयासों से बहुप्रतीक्षित यात्री प्रतीक्षालय मैं पेवर ब्लॉक का काम तथा सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के लिए निर्मित किए गए रंगमंच निर्माण के बाद टीन शेड तथा गेट नहीं लग पाने के कारण विस्तारीकरण नहीं हो पा रहा था जिसे विधायक संजय यादव द्वारा विधायक मद से उक्त कार्य को पूर्ण किया गया आज उक्त दोनों ही महत्वपूर्ण कार्यों का लोकार्पण विधायक संजय यादव के द्वारा डुमरिया पंचायत में संपन्न हुआ इस अवसर पर और अन्य कई कार्यों की भी बात सरपंच अंशुल सोनकर ने विधायक के सामने रखी जिस पर विधायक ने सहमति देते हुए आगामी वर्षों में सभी लंबित कार्यों को कराए जाने के लिए आश्वस्त किया इस अवसर जिला पंचायत सदस्य आशा मुकेश गोटिया द्वारा 17 लाख रुपये की लागत से स्टॉप डेम की घोषणा की गई।इस अवसर पर उपसरपंच प्रिया बड़गैया, सुरेंद्र गुप्ता, काले भाईजान, नितिन बड़गईया ,सरजू मसराम, भूषण बढ़गईया, तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कोदू लाल चौबे का निधन



**सिहोरा, यशभारत।** घाट सिमरिया के प्रतिष्ठित नागरिक कोदू लाल चौबे का 88 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। अंतिम संस्कार ग्रह ग्रांम में किया गया।वे घाटसिमरिया के उपसरपंच प्रदीप चौबे,सतीश चौबे के पिता थे।

# शुभमन ने पुरानी टीम को दिया नया नाम, हार्दिक ने भी जले पर छिड़का नमक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2023 के 39वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को 7 विकेट से शिकस्त दी. इस मैच में शुभमन गिल ने 180 रन के टारगेट का पीछा करते हुए 35 गेंद में 49 रन की पारी खेली थी. बता दें कि गिल गुजरात टाइटंस से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से ही ही खेलते थे। इस मैच के बाद उन्होंने अपनी पुरानी टीम केकेआर को लेकर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर की और इसमें अपनी पुरानी टीम के मजे लिए. उन्होंने अपनी पोस्ट में केकेआर को नया नाम Day Riders दिया. उनके इस पोस्ट पर कप्तान हार्दिक पंड्या ने हंसने वाली इमोजी बनाई. यानी पंड्या ने भी केकेआर के जले पर नमक छिड़कने का काम किया.शुभमन गिल कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए 4 साल खेले हैं. लेकिन, आईपीएल 2022 के मेगा ऑक्शन से पहले टीम ने उन्हें रीटेन नहीं किया था. इसके बाद गुजरात टाइटंस ने उन्हें खरीदा और गुजरात के साथ आने के बाद से ही गिल का बल्ला जमकर बोल रहा. पिछले साल गुजरात को चैंपियन बनाने में गिल का बड़ा हाथ था. आईपीएल 2023 में भी गिल 8 मैच में 333 रन बना चुके हैं और फाफ डुप्लेसी (422) के बाद रन बनाने के मामले में दूसरे स्थान पर हैं. गुजरात टाइटंस शनिवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को 7 विकेट से रौंदकर प्वाइंट टेबल में फिर से पहले नंबर पर पहुंच गई. टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी गुजरात ने कोलकाता को 179 रन से आगे नही बढ़ने दिया. तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने अपने कोटे के 4 ओवर में 33 रन देकर 3 विकेट चटकाए. जवाब में हार्दिक की टीम ने 18वें ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया. मोहम्मद शमी ने जगदीशन नारायण, शार्दुल ठाकुर और आंद्रे रसेल को आउट कर केकेआर के बैटिंग ऑर्डर की कमर तोड़ दी. शमी ने अपने 4 ओवरों में 12 गेंदें ऐसी फेंकी, जिन पर बल्लेबाज रन नहीं बना सकें. इसके साथ ही, शमी दूसरे ऐसे गेंदबाज बन गए हैं, जिन्होंने आईपीएल 2023 में सौ डॉट बॉल फेंकी हैं.शमी से पहले यह कारनामा रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के मोहम्मद सिराज कर चुके हैं. आईपीएल के मौजूदा सीजन में सबसे ज्यादा डॉट बॉल डालने के मामले में केकेआर के वरुण चक्रवर्ती तीसरे नंबर पर हैं. इस मिस्ट्री स्पिनर की 75 गेंदों पर बैटर रन नहीं बना सके. अर्शदीप सिंह 69 और भुवनेश्वर कुमार 67 डॉट बॉल फेंक चुके हैं.मोहम्मद शमी आईपीएल 2023 के 8 मैचों में 13 विकेट ले चुके हैं. लीग में कुल 101 मैच खेलने वाले तेज गेंदबाज के नाम 112 विकेट दर्ज हैं. मैच की बात करें तो कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए रहमतुल?लाह गुरबाज ने तूफानी पारी खेली. उन्होंने 39 गेंद में 81 रन बनाए. आंद्रे रसेल ने भी आखिरी ओवरों में हाथ दिखाते हुए 19 बॉल में 3 छक्के ठोक 34 रन बनाए. कोलकाता ने तय ओवरों में 7 विकेट खोकर 179 का स्कोर बनाया.जवाब में गुजरात टाइटंस ने 17.5 ओवर में तीन विकेट खोकर 180 रन बना लिए. विजय शंकर ने नाबाद 51 और शुभमन गिल ने 49 रन बनाए. इस जीत के साथ ही गुजरात टाइटंस के आठ मैच के बाद 12 अंक हो गए हैं. हार्दिक पंड्या की टीम अंक तालिका में पहले पायदान पर है.

# मुंबई इंडियंस को जीत दिलाने वाला जूनियर 'पोलार्ड', वानखेड़े में छक्कों से करता है बात

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2023 में रोमांचक जीत दर्ज की. टीम ने एक मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को 6 विकेट से हराया. यह रोहित शर्मा की अगुआई वाली मुंबई की 8 मैचों में चौथी जीत है. रविवार को रोहित का 36वां जन्मदिन था. ऐसे में यह जीत उनके लिए और भी खास है. मैच के अंतिम ओवर में 5 बार की चैंपियन टीम मुंबई को जीत के लिए 17 रन बनाने थे. टिम डेविड ने तेज गेंदबाज जेसन होल्डर की पहली 3 गेंद पर 3 छक्के जड़कर टीम को यादगार जीत दिला दी. वानखेड़े स्टेडियम में पहली बार किसी टीम ने 200 से अधिक रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत हासिल की है. इस कारण टिम डेविड को जूनियर पोलार्ड कहा जा रहा है. राजस्थान रॉयल्स ने मैच में पहले खेलते हुए 7 विकेट पर 212 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया था. यशस्वी जायसवाल ने 62 गेंद पर 124 रन की विस्फोटक पारी खेली. जवाब में मुंबई ने लक्ष्य को 19.3 ओवर में 4 विकेट पर हासिल कर लिया. 27 साल के टिम डेविड 14 गेंद पर 45 रन बनाकर नाबाद रहे. इसके अलावा सूर्यकुमार यादव ने 55 तो कैमरन ग्रीन ने 44 रन बनाए. ऑस्ट्रेलिया के टिम डेविड आईपीएल में सिर्फ 7वीं बार मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में बल्लेबाजी करने उतरे, लेकिन यहां उनका रिकॉर्ड बेहतरीन है. वे वानखेड़े स्टेडियम में 98 गेंद पर 221 रन बना चुके हैं. यानी स्ट्राइक रेट 226 का है. इस दौरान डेविड ने 21 छक्के और 9 चौके लगाए हैं. औसत 74 का है. ओवरऑल आईपीएल की बात करें, तो टिम डेविड ने 17 मैच में 35 की औसत से 345 रन बनाए हैं. स्ट्राइक रेट 190 का है. 18 चौके और 28 छक्के लगाए हैं।



# रेसलर्स को मिली पुलिस सुरक्षा

### बृजभूषण बोले- आरोप लगाने वालीं खिलाड़ी एक ही अखाड़े की, जिसके कर्ता-धर्ता दीपेंद्र हुड्डा

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के जंतर-मंतर पर पहलवानों का धरना आठवें दिन भी जारी है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर दिल्ली पुलिस ने सभी सातों शिकायतकर्ता महिला खिलाड़ियों को सुरक्षा दे दी है। सभी की सुरक्षा में 1-1 सिपाही को तैनात किया गया है। इनकी ड्यूटी 12-12 घंटे की होगी। समीक्षा के बाद सुरक्षा यूनिट के कर्मियों की तैनाती की जाएगी। वहीं बृजभूषण ने कहा कि आरोप लगाने वाली सभी लड़कियां एक ही अखाड़े की हैं, जिसका नाम महादेव रेसलिंग अकादमी हैं। इसके कर्ता-धर्ता सांसद दीपेंद्र हुड्डा हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा के 90प्रश खिलाड़ी भारतीय कुश्ती संघ पर विश्वास करते हैं। इंसाफ जंतर मंतर से नहीं मिलेगा, उसके लिए पुलिस और कोर्ट में जाना होगा। अखिलेश यादव इनके समर्थन में नहीं आए। क्योंकि वह सच्चाई को बहुत ही नजदीक से जानते हैं। इससे पहले विनेश फोगाट ने कहा कि सालों से चली आ रही प्रताड़ना के बारे में साल 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बताया गया था। उन्होंने सब जल्द ठीक होने का आश्वासन देते हुए खेल मंत्री से मिलने को कहा था। हम खेल मंत्री से मिले तो 24 घंटे में सारी बातें बृजभूषण तक पहुंच गई। इसके बाद हमें जान से मारने की धमकियां मिली। इतना टॉर्चर किया कि हम खुदकुशी कर लें।

## पहले ही पुलिस को शिकायत दे देनी चाहिए थी-योगेश्वर

उधर, द्धह्र की जांच कमेटी व खेल मंत्रालय की ओवरसाइट कमेटी मेंबर ओलिंपियन योगेश्वर दत्त ने कहा- पहलवानों को 3 महीने पहले ही पुलिस को शिकायत दे देनी चाहिए थी। पुलिस भी तभी कार्रवाई करेगी, जब उनके पास कोई शिकायत होगी।

### 22वीं पूर्वी जोन अन्तर्जिला पुलिस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

# ओवरऑल चैम्पियनशिप का खिताब जिला जबलपुर ने जीता

**जबलपुर, यशभारत।** 22 वीं पूर्वी जोन अन्तर्जिला पुलिस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में मेजबान जबलपुर ने ओवरऑल चैम्पियनशिप का खिताब जीता। जबकि महिला वर्ग एथलेटिक में बालाघाट की संध्या रघुवंशी और पुरूष वर्ग में व्यक्तिगत चैम्पियनशिप का छिंदवाड़ा के आशीष यादव ने जीती प्रतियोगिता का समापन पुलिस लाईन स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में मुख्य अतिथि उप पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर रेंज जबलपुर श्री आर.आर.एस. परिहार (भा.पु.से.) द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री तुषारकांत विद्यार्थी (भा.पु.से.) की उपस्थिति मे किया गया। इस अवसर पर विभिन्न खेल संगठनो के पदाधिकारीगण, गणमान्य नागरिक, एवं अति. पुलिस अधीक्षक शहर श्रीमति प्रियंका शुक्ला (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर दक्षिण) श्री संजय कुमार अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर (उत्तर/यातायात) श्री प्रदीप कुमार शेण्डे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री शिवेश सिंह बघेल, नगर पुलिस अधीक्षक गोहलपुर श्री अखिलेश गौर, उप पुलिस अधीक्षक लाईन/नगर पुलिस अधीक्षक रांझी श्री देवेन्द्र सिह राजपूत, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री तुषार सिह, उप पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीमति अपूर्वा किलेदार, एसडीओपी पाटन सुश्री सारिका पाण्डे, उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री मधुकर चौकीकर, उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री पंकज परमार, शहर के थाना प्रभारियों सहित पुलिस परिवार के सदस्यगण उपस्थित थे। प्रतियोगिता मे 6 टीम गेम्स हाकी, फुटबॉल, व्हालीबॉल, कबड्डी, बास्केटबॉल, हैण्डबॉल, एवं व्यक्तिगत स्पर्धा कुश्ती, वेटलिफिटिंग, के अतिरिक्त एथलेटिक्स की समस्त प्रतियोगिताये जैसे दौड, कूद, एवं थ्रो आदि के इवेन्टस हुये। प्रतियोगिता में आयोजित खेल एथलेटिक्स, फुटबॉल, पुलिस मैदान पर, कबड्डी एवं वेट लिफ्टिंग इंडोर स्टेडियम खेल युवक कल्याण भवन में तथा, व्हालीबॉल, बासकेट बॉल, रेल्वे मैदान पर, हॉकी रानीताल मैदान पर आयोजित हुये। खेलों को व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने के लिये खेल युवा कल्याण विभाग, रेल्वे विभाग के साथ ही सभी खेल संघों का सहयोग मैच के निर्णायक के रूप में में महत्वपूर्ण योगदान प्राप्त हुआ। जोनल ध्वज को ससम्मान मुख्य अतिथि को सौंपा गया, जिसे आपने अगले खेलो तक के लिये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जबलपुर, तुषारकांत विद्यार्थी (भा.पु.से.) को सौंपा।



# वानखेड़े स्टेडियम में जमकर बरसा यशस्वी जायसवाल का बल्ला



नई दिल्ली, एजेंसी। यशस्वी जायसवाल मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान लड़ाके की तरह अंत तक लड़े . राजस्थान रॉयल्स को भले ही इस मुकाबले में शिकस्त झेलनी पड़ी हो लेकिन इसके बावजूद जायसवाल का बल्ला जमकर गराजा . उन्होंने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले के दौरान सेंचुरी लगाई. प्रचंड फॉर्म में नजर आ रहे जायसवाल ने 200 की स्ट्राइकरेट से बल्लेबाजी की. इस दौरान उन्होंने 62 गेंदों का सामना कर 124 रन ठोक दिए. जायसवाल की आंधी का सामना कैसे करना है इसका जवाब स्वयं रोहित शर्मा के पास भी नहीं था.एक वक्त था जब मुंबई की सड़कों पर ही यशस्वी जायसवाल पानीपुरी बेचा करते थे. वानखेड़े मैदान में फैन्स के शोर को सुनकर बाहर खड़े यशस्वी का सपना केवल अंदर एक बार जाकर देखने का हुआ करता था . अब इसी मैदान पर शतक ठोककर बाएं हाथ का यह बैटर बेहद भावुक है . मैच के बाद उन्होंने अपनी इस फीलिंग के बारे में बताया .मुकाबले के बाद जियो सिनेमा के शो में उनसे इस बारे में पूछा गया. यशस्वी जायसवाल ने कहा, च्इस सफर से यहां तक आकर काफी भावुक हूं . मैं आजाद मैदान में रहता था टीन के मकान में . यहां से लाइट आती थी तो सोचता था कि कभी अंदर जाने का मौका मिलेगा .अंदर से आ रही शोर की आवाजें काफी आकर्षित करती थी . अब मैं आगे के बारे में सोच रहा हूं . खुद को मानसिक स्तर पर मजबूत रखने का प्रयास करता हूं . मैच के बाद के रुटीन में भी मैं खुद को ज्यादा से ज्यादा अनुशासित रखने की कोशिश करता हूं . फिलहाल मेरा फोकस अपने गेम पर है . उसी पर आगे भी काम करना चाहता हूं . जब मैंने शतक लगाया तो मुझे नहीं पता था कि गेंद बाउंड्री पार हो चुकी है . जब ऐसा हुआ तो मैने भगवान का शुक्रिया किया. मैंने हमेशा से ही ऐसा करने का सपना देखा था. केवल प्रक्रियाओं पर फोकस करना चाहता था और मेहनत भी . रिजल्ट अपने आप आ गया। यशस्वी जायसवाल से पूछा गया कि रोहित शर्मा का फेवरेट पुल शॉट है . माही मैच फिनिशर के रूप में लंबे-लंबे छक्के लगाने के लिए जाने जाते हैं . आपका फेवरेट शॉट क्या है . इसपर बांए हाथ के बैटर ने कहा, मैं स्ट्रेट ड्राइव और कवर ड्राइव लगाना काफी पसंद करता हूं . ऐसा करने से मुझे काफी आत्मविश्वास मिलता है।

## रंग संसार

# अपनी टीम के लिए Preity Zinta ने बनाए 120 आलू के परांठे, बोली - इतने परांठे बनाने....

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रीति जिंटा भले ही फिल्मों से दूर हैं लेकिन एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं। एक्ट्रेस आए दिन फैंस के साथ नई-नई अपडेट्स शेयर करती रहती हैं। इसके अलावा इन दिनों पंजाब किंग्स की मालकिन एक्ट्रेस प्रीति जिंटा ने एक शॉकिंग खुलासा किया है। एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने अपनी टीम के खिलाड़ियों के लिए 120 आलू के परांठे बनाए थे।

## शो पर किया प्रीति जिंटा ने खुलासा

पंजाब किंग्स की टीम को किंग्स इलेवन पंजाब के नाम से जाना जाता था। साउथ अफ्रीका में पंजाब के खिलाड़ियों को अच्छे परांठे नहीं मिलते थे। ऐसे में प्रीति जिंटा ने स्टार स्पोर्ट्स के साथ बात करते हुए इस बात का खुलासा किया था। शो पर एक्ट्रेस से सवाल पूछा गया था कि - किसने सोचा था कि प्रीति जिंटा अपनी टीम के लिए आलू के परांठे बनाएंगी? मुझे लगता है कि इसके बाद उन्होंने आलू के परांठे खाने ही छोड़ दिए होंगे। पहली बार मुझे एहसास हुआ कि एक्ट्रेस ने इस बात का जवाब देते हुए कहा था कि - %पहली बार मुझे इस बात का अहसास हुआ था कि ये खिलाड़ी कितना खाते हैं, हम साउथ अफ्रीका में थे, हमें अच्छे परांठे नहीं मिले थे, तब मैंने बावर्चियों को कहा था मैं तुम्हें सभी को परांठे बनाना सिखाऊंगी। इसे देखते हुए खिलाड़ियों ने मुझसे कहा कि मैं उनके लिए परांठे बना दूं, मैंने खिलाड़ियों से कहा कि मैं उनके लिए परांठे तभी बनाउंगी, जब वो अगला मैच जीतेंगे। उन्होंने अगला मैच जीत लिया। इसके बाद मैंने 120 आलू आलू के परांठे बनाएं। फिर इतने परांठे बनाने के बाद मैंने आलू के परांठे बनाना बंद कर दिए।




# पति ऋषि की Death Anniversary पर इमोशनल हुई नीतू कपूर, तस्वीर शेयर कर बोली - मैं तुम्हें हर...

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के दिवगंत एक्टर ऋषि कपूर भले ही आज इस दुनिया में न हो लेकिन वह अपने फैंस के दिलों में हमेशा जिंदा रहेंगे। उनका चुलबुला अंदाज और बेबाक अदाएं फैंस को आज भी बहुत याद आती हैं। इसके अलावा फिल्म इंडस्ट्री में भी उनका योगदान सराहनीय है। 80 से 90 के दशक में एक्टर ने एक से बढ़कर एक हिट फिल्म दी है। आज चार फिल्म पुरस्कार और एक राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित एक्टर ऋषि कपूर की डेथ एनीवर्सरी है। पति की डेथ एनीवर्सरी पर नीतू कपूर ने एक फोटो शेयर की है जिससे यह साफ पता चल रहा है कि एक्ट्रेस हर दिन अपने पति को कितना याद करती हैं।



## शेयर की फैमिली फोटो

ऋषि कपूर की डेथ एनीवर्सरी के मौके पर सिर्फ नीतू ही नहीं बल्कि लाडली रिद्धिमा कपूर भी पापा को याद कर इमोशल हो गई हैं। उन्होंने अपनी स्टोरी में एक फोटो शेयर की है जिसमें दिवगंत एक्टर ऋषि कपूर, नीतू कपूर, बेटी रिद्धिमा कपूर और उनकी बेटी के साथ रणबीर कपूर दिख रहे हैं। इस तस्वीर को नीतू ने दोबारा से शेयर करते हुए लिखा कि - लव दिस पिक्चर ।

## मैं तुम्हें हर दिन याद करती हूं

इसके अलावा नीतू ने एक और तस्वीर भी ऋषि कपूर की शेयर की है जिसमें वह एक छोटे से बच्चे के साथ दिख रहे हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए लिखा कि - %मैं तुम्हें हर दिन याद करती हूं।% नीतू ने अपने इंस्टाग्राम पर भी ऋषि की एक प्यारी सी तस्वीर शेयर की है।

## ऐसे शुरु हुई थी दोनों की लव स्टोरी

फिल्मी दुनिया में कदम रखने के बाद है ऋषि कपूर की एक्टिंग और स्टाइल पर काफी लड़कियां फिद हो गई थी। वहीं फिल्म बॉबी में फैंस को डिंपल कपाड़िया के साथ एक्टर का रोमांटिक अंदाज इतना पसंद आया कि दोनों की लव अफेयर के चर्चे शुरु हो गए। इसके बाद ऋषि की पहली मुलाकात नीतू के साथ 1974 में हुई थी। फिल्म जहरीला इंसान की शूटिंग करते समय नीतू सिर्फ 15 साल की थी। इसी दौरान दोनों की दोस्ती हुई और लड़ाई-झगड़े के बाद दोनों को प्यार हो गया।

## साल 2020 में हुआ था निधन

वहीं ऋषि कपूर ने आज से तीन साल पहले आज ही के दिन दुनिया को अलविदा कह दिया था । उनके निधन के बाद सिर्फ उनके परिवार वाले ही नहीं बल्कि एक्टर के फैंस काफी शॉक्ड हो गए थे। आपको बता दें कि एक्टर काफी समय से कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से जूझ रहे थे जिसके बाद 30 अप्रैल 2020 में उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया था।




# करिश्मा कपूर ने ठुकराई, काजोल की चमक उठी किस्मत रील नहीं, रियल लाइफ के लिए भी लकी साबित हुई फिल्म

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आमिर खान, जूही चावला और अजय देवगन, काजोल स्टारर फिल्म 'इश्क' साल 1997 की हिट फिल्मों में से एक है. इस फिल्म की कहानी, किरदार और गानों को लोगों ने काफी पसंद किया था फिल्म में काजोल और अजय देवगन की केमिस्ट्री ने तो कमाल ही कर दिया था. इसी फिल्म के बाद काजोल और अजय एक-दूसरे को पसंद करने लगे थे. लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि काजोल मेकर्स की पहली पसंद नहीं थीं. बल्कि पहले इस फिल्म के लिए जिस एक्ट्रेस को कास्ट किया गया था, वह अब फिल्मी दुनिया से दूर हो चुकी हैं. बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म 'इश्क' 28 नवंबर 1997 को रिलीज हुई थी. यह फिल्म उस दौर की सबसे बड़ी कॉमेडी फिल्मों में से एक थी. इस फिल्म के हर किरदार ने लोगों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ी थी. फिल्म में जहां अजय देवगन और आमिर खान दोस्त थे, वहीं काजोल और जूही चावला के बीच भी अच्छी दोस्ती दिखाई गई थी. इस फिल्म ने रिलीज के बाद ही सफलता के झंड गाड़ दिए थे. इस फिल्म में काजोल और अजय देवगन को साथ टाइम स्पेंड करने का चांस मिला था. इसके बाद ही दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ती शुरू हुई थी. अजय और काजोल की ऑन स्क्रीन जोड़ी कब ऑफ स्क्रीन जोड़ी बन गई थी पता ही नहीं चला. लेकिन आज भी दोनों एक-दूसरे के साथ खुशहाल जिंदगी बिता रहे हैं. लेकिन पहले इस रोल को काजोल नहीं बल्की कोई और एक्ट्रेस निभाने वाली थीं. बता दें कि इस फिल्म में अजय देवगन और काजोल एक कपल के रूप में नजर आए थे. इस फिल्म में काम करने के बाद ही दोनों एक-दूसरे को पसंद करने लगे थे. कहा तो ये भी जाता है कि पहली नजर में काजोल को अजय देवगन पसंद नहीं आए थे. लेकिन इस फिल्म के बाद दोनों एक-दूसरे को डेट करने लगे थे और एक समय ऐसा भी आया जब दोनों शादी के बंधन में बंध गए. देखा जाए तो ये फिल्म रील लाइफ नहीं रियल लाइफ में काजोल और अजय देवगन के लिए लकी साबित हुई थी।



## काजोल नहीं करिश्मा की चमकती किस्मत

इंद्र कुमार के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म पहले साल 1991 में उस वक्त की सुपरहिट हीरोइन पूजा भट्ट को लेकर बनाई जा रही थी. लेकिन आमिर खान और पूजा भट्ट के आपसी रिश्तो की वजह से फिल्म तीन साल अटकी रही. फिर इंदर कुमार ने जब दोबारा फिल्म पर काम किया तो करिश्मा कपूर को इस इस फिल्म में काजोल वाले किरदार के लिए लेने का फैसला किया. लेकिन अजय देवगन की वजह से करिश्मा कपूर ने इस फिल्म को रिजेक्ट कर दिया था. बाद में ये फिल्म काजोल के हाथ लगी थी. इस फिल्म में काजोल और अजय की केमिस्ट्री ने लोगों का दिल जीत लिया था.

## लंब अरसे बाद साथ नजर आए थे जूही और आमिर

रोमांस और कॉमेडी से भरपूर इस फिल्म में आमिर खान, जूही चावला, अजय देवगन और काजोल जैसे बड़े स्टार ने अपनी एक्टिंग से सभी का दिल जीत लिया था. जूही चावला और आमिर खान ने फिल्म इश्क में लंबे समय बाद साथ में काम किया था. दरअसल आमिर खान और जूही चावला के बीच एक मजाक को लेकर गलतफहमियां हो गई थी. दोनों काफी समय से साथ में काम नहीं कर रहे थे. इस फिल्म में दोनों ने लंबे समय बाद साथ में काम किया था हालांकि, बाद में दोनों के बीच अच्छी बॉन्डिंग हो गई थी और ये फिल्म भी सुपरहिट साबित हुई थी.

